www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश** प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 26 अप्रैल 2022, शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-14 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

नियत साफऔर मकसद सही हो तो यकीनन किसी न किसी रूप में ईश्वर भी आपकी मदद करते हैं।

आज बेबाक

गजब तमाशा है। किसी मुद्दे को लेकर यदि कोई राजनीतिक पार्टी विरोध प्रदर्शन करती है तो उस पार्टी के कार्यकर्ताओं को विपक्षी पार्टी गुंडो का झुंड करार दे देती है। यदि भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन करे तो वे भाजपाई गुंडे, शिवसेना हल्लाबोले तो शिवसैनिक गुंडे और यदि कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे तो वे कांग्रेसी गुंडे। कहने का मतलब राजनीतिक पार्टी चाहे कोई भी हो यदि उसके कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते है तो उन्हे गुंडे ही बताया जाता है। कार्यकर्ता पार्टी की भीड़ कहलाते है यदि उन्हे गुंडा कहा जाएगा तो ऐसी पार्टियों को गुंडो का गैंग नहीं तो और क्या कहा जाएगा?

सूर्योदय

उदय : 5.45 प्रात:

अस्त : 6.52 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,942,706,940

भारत: 1,405,061,490

बाजार

सेंसेक्स : 56579.89

निफ्टी: 16954.00

गोल्ड : 53,440 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 65,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.51 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	41.6	26.2
बिलासपुर	40.8	25.2
जगदलपुर	38.0	22.7
अंबिकापुर	38.4	22.4

आज का दिवस

विश्व बौद्धिक संपदा दिवस

हर साल, विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 26 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन बौद्धिक संपदा के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा 2000 में स्थापित किया गया था। इसका उद्देश्य कॉपीराइट, पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क के दैनिक जीवन पर प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना करने के लिए कन्वेंशन लागू हुआ था। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस चीन द्वारा प्रस्तावित किया गया था। 1967 में स्थापित किया गया था। यह 1970 में लागू हुआ। यह संयुक्त राष्ट्र की 15 विशिष्ट एजेंसियों में से एक है। यह संगठन 26 अंतरराष्ट्रीय संधियों का प्रबंधन करता है।

तटरक्षक बल ने पाकिस्तानी नौका हिरासत में ली, 280 करोड़ की हेरोइन जब्त

नयी दिल्ली/अहमदाबाद (वार्ता)। भारतीय तटरक्षक और गुजरात के आतंकवाद विरोधी दस्ते ने एक संयुक्त अभियान चलाकर अरब सागर में भारतीय समुद्री सीमा में पाकिस्तान की एक नौका को हिरासत में लिया है। इस नौका पर चालक दल के नौ सदस्य सवार है। नौका पर 280 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की गई है। रक्षा प्रवक्ता ने एक ट्वीट कर बताया कि तटरक्षक बल ने पाकिस्तान की अल हज नाम की नौका को अरब सागर में भारतीय समुद्री सीमा में हिरासत में लिया है।

19 आईपीएस को पदोन्नति, 17 आईएएस अफसरों के ट्रांसफर

रायपुर/नवप्रदेश। सोमवार का दिन छत्तीसगढ़ के भारतीय प्रशासनिक सेवा के करीब 3 दर्जन अफसरों के लिए तबादला व प्रमोशन का दिन रहा। दरअसल, राज्य शासन के गृह विभाग ने पहले 19 आईपीएस अफसरों को पदोन्नति का लाभ दिया तो चंद घंटे बाद ही 17 आईएएस अफसरों का तबादला भी कर दिया। इसमें पांच नए प्रस्तावित जिलों में ओएसडी भी नियुक्त किए गए। ओएसडी ही इन जिलों के पहले कलेक्टर बनेंगे। वहीं दो जिलों के कलेक्टरों के साथ रायगढ़ नगर निगम के कमिश्नर भी बदले गए।

पांच नए जिलों में ओएसडी नियुक्त

2013 बैच के आईएएस अफसर जगदीश सोनकर को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का ओएसडी बनाया गया है। 2013 बैच के ही पीएस ध्रुव को मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का ओएसडी बनाकर भेजा जा रहा है। ध्रुव अभी समाज कल्याण विभाग में पदस्थ थे। मोहला-मानपुर-चौकी जिले के लिए 2014 बैच के एस. जयवर्धन को भेजा जा रहा है। जयवर्धन अभी रायगढ़ नगर निगम के आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वहीं 2015 बैच के आईएएस और स्वास्थ्य विभाग में उप सचिव डी. राहुल वैंकट को सारंगढ-बिलाईगढ़ जिले का विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी बनाया गया है। 2015 बैच की आईएएस नूपुर राशि पन्ना को अपर कलेक्टर दुर्ग की जिम्मेदारी से हटाकर सक्ती जिले का ओएसडी बनाया गया है। इन पांचों अफसरों को तुरंत ही नवगठित जिलों में जाकर व्यवस्था संभालने के निर्देश दिए गए हैं। इन अफसरों को वहां हो रहे प्रशासनिक विभाजन की देखरेख के साथ जिला कार्यालयों के लिए भवन आदि का भी चिह्नांकन करना है। ये ही नए जिलों के पहले कलेक्टर भी होंगे।

इन आईपीएस अफसरों को मिला प्रमोशन

छत्तीसगढ़ के आईपीएस अधिकारियों में दीपांशु काबरा, राजेश कुमार मिश्रा, पारुल माथुर, प्रशांत कुमार अग्रवाल, डी श्रवण, मिल्ना कुर्रे, कमल लोचन कश्यप, केएन ध्रुव, अमित तुकाराम कामले, प्रखर पांडेय, मनीष शर्मा और डी रविशंकर को पदोन्नति मिला हैं। इसके अलावा नीथू कमल, अभिषेक पाठक, अंकित गर्ग और जयदीप सिंह को प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है।

सुरजपुर-मुंगेली जिले के कलेक्टर बदले

राज्य सरकार ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग के 17 अफसरों का तबादला आदेश जारी किया। इस आदेश से दो जिलों के कलेक्टर भी प्रभावित हुए हैं। 2013 बैच के गौरव सिंह को सूरजपुर से हटाकर मुंगेली का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं मुंगेली कलेक्टर अजीत वसंत को नई दिल्ली में आवासीय आयुक्त बना दिया गया है। सूरजपुर में 2012 की इफ्फत आरा को कलेक्टर बनाकर भेजा जा रहा है। वे अभी तक महानिरीक्षक पंजीयक और मुद्रांक की जिम्मेदारी संभाल रही थीं।

रायगढ़ नगर निगम में नई तैनाती

रायगढ़ नगर निगम में आयुक्त के पद पर पदस्थ 2015 बैच के आईएएस एस. जयवर्धन को मोहला-मानपुर-चौकी का ओएसडी बनाया गया है। ऐसे में 2018 बैच के आईएएस संबित मिश्रा को रायगढ़ नगर निगम आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। मिश्रा अभी रायगढ़ जिले के ही धरमजयगढ़ में एसडीएम की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

किसान नेता टिकैत कल रायपुर के महापंचायत में होंगे शामिल

किसानों ने कयाबांधा को बनाया नया ठिकाना

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर में किसानों का आंदोलन 113 दिनों से जारी है। रविवार को जिला प्रशासन द्वारा एनआरडीए परिसर से हटा देने के बाद किसानों ने अब कयाबांधा को नया ठिकाना बना लिया है। आम के बगीचे में किसानों का आंदोलन शुरू हो गया है। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत किसानों को आंदोलन में शामिल होंगे। 27 व 28 तारीख को रायपुर आ रहे हैं। टिकैत ने जिला प्रशासन से किसानों को परेशान नहीं करने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की समस्या का समाधान सरकार बातचीत करके निकाले।

बता दें कि नई राजधानी प्रभावित किसान कल्याण समिति के बैनर तले 27 गांवों के किसान 8 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 113 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। मांगों को पूरा करने मंत्रिमंडलीय उप समिति व सीएस की अध्यक्षता में कई दौर के वार्ता भी हो चुकी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम के खिलाफ ट्वीट मामले में जिग्नेश मेवाणी को कोर्ट से राहत

गुवाहाटी। गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी को कोर्ट से जमानत मिल गई है। पीएम मोदी के खिलाफ ट्वीट मामले में उन्हें बुधवार रात को असम पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। मेवाणी की गिरफ्तारी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सेना पर खर्च के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश भारत : रिपोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। चीन जैसी शक्तियों से निपटने के लिए भारत लगातार अपनी सामरिक शक्ति बढ़ाने में लगा है। वर्तमान में चीन के बाद भारत के पास ही सबसे बड़ी सेना है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट के मुताबिक भारत ने साल 2021 में सेना पर 76.6 अरब डॉलर खर्च किए। यह दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा सैन्य खर्च का आंकड़ा है। एक साल पहले के मुकाबले भारत में 0.9 फीसदी ज्यादा खर्च किया। वहीं 2012 के मुकाबले यह 33 फीसदी ज्यादा है।

देश में हथियारों के उत्पादन को तेज करने के लिए सरकार ने बड़े रक्षा बजट का ऐलान किया था। आत्मनिर्भर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अनुच्छेद 370 पर ग्रीष्मावकाश के बाद सुनवाई पर सहमत सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गर्मी की छुट्टियों के बाद सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि वह याचिकाओं को जुलाई में सूचीबद्ध करने की कोशिश करेगा।

मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमन की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ वकील शेखर नफड़े और पी. चिदंबरम की गुहार पर कहा कि याचिकाओं पर पांच न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई करेगी।

वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वश्री नफड़े और चिदंबरम ने विशेष उल्लेख के दौरान याचिकाओं पर अगले सप्ताह सुनवाई की गुहार लगाई थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जुलाई में याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की कोशिश की जाएगी।

न्यायमूर्ति रमन ने अगले सप्ताह सुनवाई की गुहार पर कहा कि याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत यूरोपीय संघ के बीच तकनीकी, कारोबारी सहयोग बढ़ेगा

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत एवं यूरोपीय संघ (ईयू) ने व्यापार, जलवायु परिवर्तन, डिजीटल प्रौद्योगिकी और जनता के बीच संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग को सघन एवं प्रगाढ़ बनाने का आज संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सूला वान देर लियेन के बीच यहां सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास में हुई बैठक के दौरान भारत-ईयू व्यापार एवं तकनीकी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी 2 से 6 मई के बीच कर सकते हैं यूरोप की यात्रा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 मई से 6 मई के बीच यूरोप की यात्रा पर जा सकते हैं। इस दौरान वह फिर से निर्वाचित फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और जर्मन चांसलर ओलाफस्कोल्ज के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी कोपेनहेगन में भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन को संबोधित भी करने वाले हैं। मैक्रों ने फ्रांस के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे दौर के लिए शानदार वोटों से जीत हासिल की है। पीएम मोदी के पेरिस में भारत के सबसे करीबी द्विपक्षीय भागीदारों में से एक के नेता से मिलने और उनका अभिवादन करने की उम्मीद है। भारत और फ्रांस के बहुत करीबी राजनीतिक और रक्षा संबंध हैं। साथ ही दोनों देश इंडो पैसिफिक रीजन को लेकर समान विचार रखते हैं।

'हाथ' छोड़ 'झाड़ू' थामेंगे बॉक्सर विजेंदर सिंह

■ **कांग्रेस को बड़ा झटका देने की तैयारी में आप**

नई दिल्ली (ए.)। ओलंपिक पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। हरियाणा के इस प्रोफेशनल बॉक्सर ने कांग्रेस छोड़ने को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की है लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो विजेंदर सिंह कभी भी इस्तीफा दे सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, विजेंदर ने कांग्रेस छोड़ने का मन बना लिया है और वे आम आदमी पार्टी में शामिल हो सकते हैं जो 2024 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में अभी से जुटी है। बता दें कि 2019 में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले विजेंदर सिंह ने कांग्रेस में शामिल होकर अपनी राजनीति पारी की शुरुआत की थी।

कांग्रेस ने 2019 के लोकसभा चुनावों में साउथ दिल्ली सीट से बॉक्सर विजेंदर सिंह को मैदान में उतारा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विजेंदर जाट समुदाय से आते हैं और हरियाणा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तमिलनाडु सरकार ने राज्यपाल से छीनी कुलपति नियुक्त करने की पावर

■ **विधानसभा में बिल पास**

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा में सोमवार को एक प्रस्ताव पास किया गया जिसके तहत एमके स्टालिन की सरकार विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का चयन कर सकती है। पहले यह अधिकार राज्यपाल के पास था। राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी ने जब यह बिल पेश किया तो भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने वॉकआउट कर दिया।

रिपोर्ट के मुताबिक मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विधायकों से इस बिल के समर्थन में वोट करने को कहा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में भी कुलपतियों का चयन राज्य सरकार ही करती है, राज्यपाल नहीं। पहले भाजपा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

खुलासा... **कनाडा में टोरंटो विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने किया शोध**

कोरोना वैक्सीन न लगवाने वाले टीकाकरण करा चुके लोगों के लिए खतरा बढ़ा रहे : स्टडी में खुलासा

नई दिल्ली (ए.)। कोविड रोधी टीका न लगवाने वाले लोग उन लोगों के लिए भी खतरा पैदा करते हैं जिन्होंने टीकाकरण करा लिया है। यह जानकारी सोमवार को प्रकाशित मॉडल अध्ययन से मिली है। कनाडा में टोरंटो विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने सार्स-कोव-2 (कोरोना वायरस) जैसी संक्रामक बीमारी के आयामों को समझने के लिए टीका नहीं लगवाने वाले और टीकाकरण करा चुके लोगों के मिश्रण के प्रभाव का पता लगाने के लिए एक सरल मॉडल का उपयोग किया। रिसर्चर्स ने कृत्रिम रूप से आबादी का मिश्रण किया जिसमें लोगों का, टीकाकरण करा चुके लोगों के साथ संपर्क होने के साथ अन्य समूह के साथ भी संपर्क था।

टोरंटो विश्वविद्यालय में 'डला लान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ' के डेविड फिसमैन ने कहा कि टीके को अनिवार्य करने के विरोधी कई लोगों का कहना है कि यह व्यक्ति की पसंद पर है कि वे इसे लगवाएं या नहीं। फिसमैन ने एक बयान में कहा कि उन्होंने पाया है कि जिन लोगों ने टीकाकरण नहीं कराने का फैसला किया है, वे उन लोगों के लिए खतरा बढ़ा रहे हैं जिन लोगों ने टीका लगवाया है।

टीकाकरण करा चुके लोगों में संक्रमण के नए मामले का डर

यह अध्ययन 'कनैडियन मेडिकल एसोसिएशन जर्नल' में प्रकाशित हुआ है। टीकाकरण करा चुके लोगों को खतरा तब कम होता है, जब टीका न लगवाने वाले लोग आपस में मिलते हैं। उसमें कहा गया है कि जब टीकाकरण करा चुके लोग, टीका न लगवाने वाले लोगों के साथ मिश्रित होते हैं तो टीकाकरण करा चुके लोगों में संक्रमण के काफी नए मामले आ सकते हैं, भले ही टीकाकरण की दर ज्यादा क्यों न हो।

कोरोना: 24 घंटे में फिर मिले ढाई हजार से ज्यादा मरीज, 42%संक्रमित अकेले दिल्ली में

नई दिल्ली। भारत में कोरोनावायरस एक बार फिर चिंता बढ़ा रहा है। रविवार को लगातार तीसरे दिन देश में ढाई हजार से ज्यादा नए मरीज मिले। इस दौरान 42 फीसदी मरीज अकेले दिल्ली से ही सामने आए हैं। देश में लगातार सक्रिय मामलों का भी बढ़ना जारी है। नए आंकड़ों को मिलाकर इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 16 हजार 522 पर पहुंच गई है। हालांकि, राहत की खबर है कि देश के अधिकांश राज्यों में कोरोना के चलते किसी मरीज की मौत की खबर नहीं है। 24 घंटों में 2 हजार 541 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 30 मरीजों की मौत हुई। नए आंकड़ों को मिलाकर संक्रमितों की कुल संख्या 4 करोड़ 30 लाख 60 हजार 86 पर पहुंच गए हैं। जबकि, 5 लाख 22 हजार 223 मरीज जान गंवा चुके हैं। अच्छी खबर है कि 1 हजार 862 नए लोगों को मिलाकर अब तक 4 करोड़ 25 लाख 21 हजार 341 संक्रमित कोविड-19 को मात दे चुके हैं।

संपादकीय

बेजा कब्जों की बाढ़ बड़ी चुनौती

नई दिल्ली के जहांगिराबाद में बेजा कब्जाधरियों के खिलाफ बुलडोजर चला तो तमामा विपक्षी पार्टियां उसके विरोध में उतर आई। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और सुप्रीम कोर्ट ने 15 दिनों तक बुलडोजर से तोड़-फोड़ की कार्यवाही पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बुलडोजर चलने बंद हो गए। गौरतलब है कि जब कभी भी बेजा कब्जाधारियों को बेदखल करने की सख्ती पूर्वक कोई कार्यवाही की जाती है तो विपक्षी पार्टियां एक सूर में ऐसी कार्यवाही का विरोध करने लगती है और नगरीय प्रशासन विभाग पर कार्यवाही रोकने के लिए दबाव बनाया जाता है यहां तक की न्यायालय का भी सहारा लिया जाता है। नतीजतन बेजा कब्जाधारियों को हटाने की कार्यवाही या तो रोकनी पड़ती है या फिर अनिश्तिकाल के लिए स्थगित करनी पड़ती है। बेजा कब्जाधारियों के व्यवस्थापन की समस्या का भी समाधान कठिन काम होता है। यही वजह है कि देश की राजधानी नई दिल्ली सहित देश के तमाम महानगरों शहरों और यहां तक की गांव कस्बों में भी बेजा कब्जों की बढ़ा आती जा रही है जो एक बड़ी चुनौती बन गई है। दरसल बेजा कब्जाधारियों को वोटों के सौदागर जनप्रतिनिधि ही प्रोत्याहित करते है। अपना वोट बैंक बनाने के लिए वे ऐसे लोगों को सरकारी भूमि पर बेजा कब्जा करने देते है और वहां जो अवैध बस्तियां बस जाती है वहां लोगों को बिजली पानी और बीपीएल राशन कार्ड जैसी तमाम सुविधाएं भी उपलब्ध करा देते है। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में पंच सरपंच तथा शहरी क्षेत्रों में पार्षद और महापौर जैसे जनप्रतिनिधि सजग रहे तो कही भी कोई एक इंच जमीन पर भी बेजा कब्जा नहीं कर पाएगा लेकिन ये जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्य के प्रति जानबूझकर उदासीन बने रहते है, बाद में जब कभी भी शासन प्रशासन इन अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ मुहिम चलाता है तो यही जनप्रतिनिधि ढाल बन कर उनके बचाव में सामने आ जाते है। बेजा कब्जे विकास की राह में बड़ी बाधा है। इसलिए अवैध कब्जों को सख्ती पूर्वक हटाया ही जाना चाहिए, साथ ही बेजा कब्जों के लिए जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी भी तय की जानी चाहिए तभी बेजा कब्जों की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा और अवैध कब्जों की बढ़ा रूकेगी।

लघुकथा

नौजवान कंधों पर कितनी सियासत

इस पूरे महीने देश के विभिन्न हिस्सों में जो उथल-पुथल दिखी, उसका चेहरा पूरी तरह से युवा था। वे लोग, जो जुलूसों में तलवारें और कई दूसरे हथियार लहरा रहे थे, वे भी युवा थे और वे, जो अपत्तिजनक नारे लगा रहे थे, वे भी युवा थे। तमाम मामलों में पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया, वे भी युवा ही हैं। हम चाहें, तो इस सबके लिए कुछ राजनीतिक दलों, संगठनों और गुटों को दोष दे सकते हैं, साथ में यह तर्क भी नत्थी किया जा सकता है कि इन सबके नेता नौजवान नहीं हैं और नौजवानों के जरिये वे बस अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं, लेकिन सड़कों पर अपनी आक्रामकता दिखाने के लिए उन्हें इस संख्या में युवा उपलब्ध हो रहे हैं, तो मामला और भी गंभीर हो जाता है। इसी से जुड़ा एक सवाल यह है कि ऐसे नौजवान कुछ खास तरह की ताकतों को ही क्यों उपलब्ध हो रहे हैं?

इसका एक दूसरा पहलू देखने के लिए हमें फ्रांस जाना होगा, जहां पिछले दिनों दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे इमैनुएल मैक्रों पहले चरण में आगे निकल गए। उस मतदान का जब आबादी के लिहाज से विश्लेषण किया गया, तो कई दिलचस्प बातें सामने आई। यह पाया गया कि अगर सिर्फ नौजवानों के वोटों को गिना जाता, तो मैक्रों तीसरे नंबर पर आते। नौजवानों की पसंद मध्यमार्गी मैक्रों की जगह वाम व दक्षिण, दोनों तरफ के अतिवादी थे। इस पर टिप्पणी करते हुए एक पत्रिका ने लिखा कि इमेनुएल मक्रों को उन लोगों ने पहले नंबर पर पहुंचाया, जिनके बाल या तो सफेद हो चुके हैं या फिर वे लोग, जिनके सिर से बाल विदा हो चुके हैं। फ्रांस दुनिया के उन देशों में से है, जहां आबादी का बड़ा हिस्सा अब नौजवानी की उम्र पार कर चुका है। लेकिन फ्रांस अकेला ऐसा देश नहीं, जहां के युवा और पकी उम्र के लोग अपना राजनीतिक भविष्य बिल्कुल अलग-अलग तरह से देख रहे हैं। जर्मनी, इटली और स्पेन जैसे तमाम देशों के चुनावों में यही रुझान दिखा है। कुछ हद तक अमेरिका और ब्रिटेन में भी यही हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव हारने के बाद जिन लोगों ने कैपिटोल हिल पर धावा बोला था, उनकी उम्र का विश्लेषण भी ऐसी ही कहानी कहता है। इसमें कोई हैरत की बात भी नहीं है। जो सरकार से मिल रही पेंशन पर निर्भर हैं, जिन्हें तरह-तरह की किस्तें भरनी हैं या जिन पर परिवार की दूसरी जिम्मेदारियों का बोझ है, उनकी सोच उस नई उम्र की नई फसल से अलग होगी ही, जिनके अंदर कई तरह की बेचैनियां हैं और जिनका अभी दुनियादारी से ज्यादा पाला नहीं पड़ा है। यह हमेशा ही होता रहा है। एक सदी पहले, जब दुनिया वामपंथ की ओर बढ़ती दिखाई दे रही थी, तब पूरी दुनिया और खासकर यूरोप में एक चुटकुला चलता था। चुटकुला यह था कि 18 साल की उम्र तक अगर कोई वामपंथी न हो जाए, तो उसे डॉक्टर यानी मनोचिकित्सक को दिखाना चाहिए, और अगर कोई 50 साल की उम्र के बाद वामपंथी हो जाए, तो उसे भी डॉक्टर को दिखाना चाहिए। यह भी कहा जाता रहा है कि क्रांतियां नौजवान कंधों पर सवार होकर ही सत्ता पर काबिज होती हैं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी यही कथानक पढ़ा जा सकता है। आजादी के बाद हुए संपूर्ण क्रांति आंदोलन को तो खैर पूरी तरह युवा आंदोलन ही माना जाता है।

चिंतन शिविर से कितनी मजबूत होगी कांग्रेस

रमेश सर्राफ

केसी वेणुगोपाल, मुकुल वासनिक, अजय माकन, अविनाश पांडे, प्रियंका गांधी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, भंवर जितेंद्र सिंह, ओम्मान चांडी, तारीक अनवर पार्टी के महासचिव है। मगर इनमें से एक भी चुनाव जीता हुआ नेता नहीं है। अविनाश पांडे व प्रियंका गांधी तो कभी प्रत्यक्ष रूप से चुनाव मैदान में उतरे ही नहीं। बाकी सभी नेता चुनावी हार का रिकॉर्ड बना चुके हैं। ओम्मान चांडी ही एकमात्र ऐसे महासचिव है जो चुनाव जीतते रहे हैं। हालांकि उनके मुख्यमंत्री रहते ही कम्युनिस्ट पार्टी ने केरल में उन को हराकर अपनी सरकार बनाई थी। पार्टी में ऐसे ही जनाधार विहीन कई नेता प्रदेश प्रभारी, राष्ट्रीय सचिव व अन्य बड़े पदों पर काबिज हैं।

पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस में ग्रुप-23 के असंतुष्ट नेताओं द्वारा उठे विरोध के स्वर को दबाने के लिए कांग्रेस पार्टी अगले माह राजस्थान के उदयपुर में तीन दिवसीय चिंतन शिविर लगाने जा रही है। जिसमें देश भर से पार्टी के 400 बड़े नेता एक जगह बैठ कर पार्टी के गिरते जनाधार को रोकने व आगे होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की संभावना को लेकर चिंतन मनन करेंगे। इस चिंतन शिविर के माध्यम से कांग्रेस पार्टी भविष्य के लिए एक रोडमैप भी तय करेगी। जिसके सहारे आगे बढ़कर पार्टी अपना जनाधार एक बार फिर से बढ़ा सकें।

राजनीतिक दलों को सलाह देने वाले पेशेवर सलाहकार प्रशांत किशोर ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक कार्य योजना सुझायी है। जिसके माध्यम से कांग्रेस का जनाधार मजबूत हो सकता है। सोनिया गांधी से प्रशांत किशोर की चर्चा के दौरान पार्टी के बड़े नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे। चिंतन शिविर के माध्यम से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रशांत किशोर के प्लान पर भी चर्चा करवा कर उसको पारित करवाएगी। ताकि भविष्य में प्रशांत किशोर का प्लान यदि फेल हो जाता है तो भी पार्टी अध्यक्ष पर अंगुली नहीं उठ पाए। इससे पूर्व प्रशांत किशोर 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में राहुल गांधी के साथ काम कर चुके हैं। उस दौरान उनकी सलाह पर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा जगह-जगह खाट सभाओं का आयोजन करवाया गया था। जिस पर पार्टी का करोड़ों रुपया खर्च हो गया था। मगर परिणाम में पार्टी 403 में से मात्र 7 सीटों पर ही जीत पाई थी। उसके बाद प्रशांत किशोर राहुल गांधी से अलग हो गए थे।

आज कांग्रेस पार्टी के समक्ष सबसे बड़ी समस्या अपने गिरते जनाधार को रोकने की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे। उस समय कांग्रेस पार्टी की देश के एक दर्जन से अधिक प्रदेशों में सरकार चल रही थी। मगर धीरे-धीरे करके प्रदेशों में चुनाव हारने के चलते आज कांग्रेस पार्टी की सिर्फ राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ही सरकार बची है। महाराष्ट्र व झारखंड में कांग्रेस पार्टी एक सहयोगी के रुप में सरकार में शामिल है।

पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी कुछ विशेष नहीं कर पाई। पंजाब जहां चुनाव से पहले कांग्रेस की सरकार चल रही थी। वहां भी पार्टी चुनाव हार कर एक चौथाई सीटों पर ही सिमट गई। पंजाब में पार्टी अपने ही बड़े नेताओं की कलह की शिकार हो गई। चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को पद से हटाना पार्टी को भारी पड़ गया। कैप्टन के स्थान पर मुख्यमंत्री बनाए गए चरणजीत सिंह चन्नी दोनो विधानसभा सीटों से व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू अमृतसर पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव हार गए। पार्टी के अधिकांश बड़े नेता चुनाव नहीं जीत पाए थे। चुनाव के बाद पार्टी ने विधायक दल का नेता व प्रदेश अध्यक्ष पद पर नए लोगों को बैठा दिय। उसके उपरांत भी पार्टी में खींचतान वैसे ही चल रही है।

कांग्रेस को फिर से अपने साख बनानी है तो उनको जनाधार विहीन नेताओं को हटाकर जनाधार वाले नेताओं को अग्रिम मोर्चे पर तैनात करना होगा। जमीन से जुड़े छोटे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना होगा। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जहां पार्टी की सरकार है वहां सरकारी पदों पर परंपरागत नेताओं को ही राजनीतिक नियुक्तियां दे दी गयी है। जिसका संदेश नीचे तक गलत जा रहा है। दोनों प्रदेशों में राजनीतिक नियुक्तियों में धरातल से जुड़े कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पदों पर आगे लाना होगा। तभी लोगों में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। जिसके बल पर ही आने वाले समय में कांग्रेस अपनी स्थिति में कुछ सुधार कर पाए।

उत्तराखंड में मुख्यमंत्री के दावेदार हरीश रावत इस बार फिर चुनाव हार गए। वहां कांग्रेस मात्र 19 सीटें ही जीत सकी है। पार्टी में नए प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दल के नेता के मनोनयन के बाद तो आपसी कलह खुलकर सड़कों पर आ गई है। कई विधायकों ने पार्टी छोड़ने तक की धमकी दे दी है। पंजाब में कांग्रेस की लुटिया डुबोने में सबसे बड़ा हाथ हरीश रावत का रहा था। उन्होंने ही उत्तराखंड में भी कांग्रेस का सफाया करवा दिया। उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर एक इतिहास रचा है। जबकि कांग्रेस को सबसे अधिक आस उत्तराखंड में ही सरकार बनाने की थी। मगर पार्टी नेताओं की आपसी कलह के चलते कांग्रेस ने अवसर गवां दिया था। गोवा और मणिपुर में भी कांग्रेस कुछ खास नहीं कर पाई। गोवा में कांग्रेस को 11 सीटें मिली वही मणिपुर में तो कांग्रेस की सीटों की संख्या 28 से घटकर 5 रह गई।

उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े प्रांत में कांग्रेस महज 2 सीटें ही जीत पाई। कांग्रेस पार्टी में तीसरे नंबर की बड़ी नेता व महासचिव प्रियंका गांधी राजनीति में सक्रिय होने के बाद अपना पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर ही लगा रखा था। पहले उनके साथ महासचिव के रूप में ज्योतिरादित्य सिंधिया आधे उत्तर प्रदेश के प्रभारी थे। मगर सिंधिया के पार्टी छोड़ने के बाद उत्तर प्रदेश का पूरा प्रभार प्रियंका गांधी के पास ही था। उनके साथ सचिवों व बड़े नेताओं की बड़ी टीम काम कर रही थी। पिछले 3 साल से प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश के गांव-गांव में जाकर लोगों से मिल रही थी। प्रियंका गांधी की सक्रियता के चलते पार्टी को उम्मीद बंधी थी कि इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बेहतर स्थिति में रहेगी। मगर चुनावी नतीजों ने पार्टी की आशाओं को धराशाई कर दिया।

2017 में जहां कांग्रेस के पास 7 विधानसभा सीटें थी। उसकी तुलना में इस बार कांग्रेस महज 2 सीटों पर ही सिमट कर रह गई। 397 सीटों पर सीटों पर चुनाव लड़ कर महज 2 सीटें जीतना पार्टी के लिए किसी सदमे से कम नहीं था। इतना ही नहीं पार्टी के वोट प्रतिशत भी घटकर 2.33 प्रतिशत रह गया है। प्रियंका गांधी के नेतृत्व में ही कांग्रेस ने 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था। जिसमें कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी अपनी परंपरागत अमेठी सीट से भाजपा की नेता स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे। अब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास एक रायबरेली की लोकसभा सीट व दो विधानसभा सीटें रह गई है।

कांग्रेस पार्टी अगले महीने चिंतन शिविर का आयोजन कर रही है। उसमें पार्टी को धरातल के मुद्दों पर जरूर चर्चा करनी चाहिए। पांच राज्यों में चुनावी हार के बाद वहां के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक दल के नेता को तो बदल दिया गया है।

इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर भारत

नरविजय यादव

एक आधुनिक कार में 1,500 से लेकर 3,000 तक चिप्स इस्तेमाल होते हैं। महामारी के दौरान, वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सिनेमाघरों को बंद कर दिया गया था, जिससे कई लोगों ने आत्म-अलगाव की अवधि के दौरान घरेलू मनोरंजन की ओर रुख किया, जिससे वीडियो गेम कंसोल की मांग बढ़ गई। सेमीकंडक्टर्स या चिप्स के गुण कंडक्टर और इंसुलेटर के बीच के होते हैं। आमतौर पर सिलिकॉन से बने चिप का उपयोग कई प्रकार के उपकरणों जैसे कार, लैपटॉप, स्मार्टफोन, घरेलू उपकरण और गेमिंग कंसोल को बिजली सप्लाई करने के लिए किया जाता है। चिप से कई कार्य होते हैं, जैसे कि पॉवर डिस्प्ले और डाटा ट्रांसफर आदि। इसलिए, आपूर्ति की कमी का कार, फ्रिज, लैपटॉप, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बिक्री पर प्रभाव पड़ना लाजिमी है। ताइवान सेमीकंडक्टर बनाने में दुनिया में अग्रणी है।

भारत में 2026 तक 30 हजार करोड़ रुपए मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स का उत्पादन होने लगेगा। देश में ऐसे उत्पादों की मांग लगाता बढ़ रही है। इनमें लगाने के लिए देश को कम से कम 6 लाख करोड़ रुपए के सेमी कंडक्टर की जरूरत होगी। सेमीकंडक्टर को देश में ही बनाने की तैयारी चल रही है। बेंगलुरू में सेमीकंडक्टर कांफ्रेंस, सेमीकॉन में आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक चिप उत्पादन के लिए सरकार को कई कंपनियों से प्रस्ताव मिले हैं। इनमें वेदांता फॉक्सकॉन जॉइंट वेंचर, आईजीएसएस वेंचर्स और आईएसएमसी शामिल हैं। इस बीच, चीन में कोरोना और लॉकडाउन के चलते सेमीकंडक्टर का उत्पादन घट गया है। इस साल की पहली तिमाही में चीन में इंटीग्रेटेड सर्किट के उत्पादन में 4.2 प्रतिशत की कमी आई है। मार्च में सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन 5.1 प्रतिशत घटा। चीन के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं ने सप्लाई चेन में बाधा आने की आशंका जताई है। इसका प्रभाव भारत पर भी हो सकता है, क्योंकि भारत चीन से काफी सारे कंपोनेंट का आयात करता है।

भारत सेमीकंडक्टर का 100 फीसदी आयात करता है, जिसमें आधा चीन से मंगाया जाता है। चिप के अलावा कई तरह के इलेक्ट्रॉनिक, ऑटो और मोबाइल फोन के पुर्जे भी चीन से ही मंगाए जाते हैं। विश्व में इस वक्त चिप की ऐसी किल्लत चल रही है कि चिप निर्माता कंपनियां कबाड़ से खरीदी पुरानी वॉशिंग मशीनों में से सेमीकंडक्टर निकाल कर काम चला रही हैं। चिप की किल्लत जल्दी दूर होने वाली नहीं लगती। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण सप्लाई लाइन बाधित हैं, जिससे माल की आपूर्ति रुक-रुक कर हो रही है या ठप्प पड़ी है। ताइवान की सबसे बड़ी चिपमेकर, ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को कामगारों और कलपुर्जों की कमी के चलते उत्पादन घटते जाने का डर सता रहा है। चिप की कमी के चलते इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं समेत 169 से अधिक उद्योग प्रभावित हुए हैं। गत दो वर्षों में लॉकडाउन के समय लोग घर से काम करने लगे, ते कंप्यूटर, लैपटॉप, गेमिंग कंसोल आदि इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की मांग बढ़ गयी। दूसरी ओर, चिप बनाने वाली कंपनियों ने उत्पादन घटा दिया था।

ताइवान की सबसे बड़ी चिपमेकर, ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को कामगारों और कलपुर्जों की कमी के चलते उत्पादन घटते जाने का डर सता रहा है। चिप की कमी के चलते इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं समेत 169 से अधिक उद्योग प्रभावित हुए हैं। गत दो वर्षों में लॉकडाउन के समय लोग घर से काम करने लगे, ते कंप्यूटर, लैपटॉप, गेमिंग कंसोल आदि इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की मांग बढ़ गयी। दूसरी ओर, चिप बनाने वाली कंपनियों ने उत्पादन घटा दिया था।

एक आधुनिक कार में 1,500 से लेकर 3,000 तक चिप्स इस्तेमाल होते हैं। महामारी के दौरान, वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सिनेमाघरों को बंद कर दिया गया था, जिससे कई लोगों ने आत्म-अलगाव की अवधि के दौरान घरेलू मनोरंजन की ओर रुख किया, जिससे वीडियो गेम कंसोल की मांग बढ़ गई।

एक आधुनिक कार में 1,500 से लेकर 3,000 तक चिप्स इस्तेमाल होते हैं। महामारी के दौरान, वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सिनेमाघरों को बंद कर दिया गया था, जिससे कई लोगों ने आत्म-अलगाव की अवधि के दौरान घरेलू मनोरंजन की ओर रुख किया, जिससे वीडियो गेम कंसोल की मांग बढ़ गई। सेमीकंडक्टर्स या चिप्स के गुण कंडक्टर और इंसुलेटर के बीच के होते हैं। आमतौर पर सिलिकॉन से बने चिप का उपयोग कई प्रकार के उपकरणों जैसे कार, लैपटॉप, स्मार्टफोन, घरेलू उपकरण और गेमिंग कंसोल को बिजली सप्लाई करने के लिए किया जाता है। चिप से कई कार्य होते हैं, जैसे कि पॉवर डिस्प्ले और डाटा ट्रांसफर आदि। इसलिए, आपूर्ति की कमी का कार, फ्रिज, लैपटॉप, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बिक्री पर प्रभाव पड़ना लाजिमी है। ताइवान सेमीकंडक्टर बनाने में दुनिया में अग्रणी है। पिछले साल वहां भयंकर सूखा पड़ा, जिससे चिप निर्माताओं को दिक्कत हुई। चिप बनाने के लिए भारी मात्रा में शुद्ध पानी चाहिए होता है। शॉर्ट नोटिस पर चिप का उत्पादन नहीं बढ़ाया जा सकता। चिप बनाना एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें महीनों लगते हैं। एक चिप बनाने में आम तौर पर तीन महीने से अधिक समय लगता है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मर चुकी है लज़्ज़ते

मर चुकी है लज़्ज़ते हसरत तमाम लीजिए अब आपकी ज़हमत तमाम अस्ल चेहरा आईने में जब दिखा इक मिनट में मिट गई गफ़लत तमाम कर ले या तो खुल के मुझ से दुश्मनी या कुएं में डाल दे नफ़रत तमाम एक में भी कैफ़ियत लिक्खी नहीं सौ दफ़ेहमने पढ़े हैं ख़त तमाम एक तू ही बस 'कमल' अनजान है सब पे है ज़ाहिर मेरी हालत तमाम।

– रूबी झा 'कमल'

गहलोत जी गहलोत

गहलोत जी गहलोत जी हुआ अब तो बहुत जी मन्दिर पर जो बुलडोजर चलाया है अजी यह तो आपने खुद अपना ही किला ढ़हाया है। हिंदुओ के घर चुन - चुनकर तोड़े वहीं ज़ाकिर का घर प्राथमिकता से बचाया है। जूते पहन मन्दिर पर आघात वाह क्या खूब राजधर्म निभाया है। आरी से शीश प्रभु का काटा आज तो आपने ग़ज़नवी का ओहदा पाया है। – **राजीव वर्मा**

खास पाती

खुली आंखों का ख्वाब भी तो

खुली आँखों का ख्वाब भी तो बेमिसाल होता है! पलकों से छूने की तलब औ जिगर में धमाल होता है, होंठ गुनगुनाते हैं रह रह के उनकी बेकरारी! इक इक लम्हा इन्तजार का फिर बेहाल होता है, चाँद से होती है गुफ्तगू फिर रोज़ शबेरातों में! ओस लिपटी सुबहों संग फिर जीना कमाल होता है, सिन्दूरी शाम सुरमई घूँघट में जब लजाती है, दिल की चुनरी का रंग फिर लाल लाल होता है, कसमसाती है हर पहलू जलती तनहाई! रात नीदों का फिर उचटना जंजाल होता है, महक उठती है सुर्ख गुलाबों सी परछाई की आहट! उनके यादों से लिपटना फिर जी का बवाल होता है धड़कने बजाती हैं प्रेम की नशीली सरगम! लोग कहते हैं इश्क़ का दर्द किरण बेमिसाल होता है।

– किरण मिश्रा

उस का हसीन होना भी क्या मेरी

उस का हसीन होना भी क्या मेरी ख़ता है क्यूँ मुझसे खफ़ा है वो, क्या मैंने किया है इस तरह तकल्लुफ से निभाई है जफ़ा उसने लगता है कि यह कोई आदाब ए वफ़ा है परवाने के जलने का है अफसोस बहुत लेकिन जो शम्मा पे गुज़री है, किस दिल को पता है तक़दीर का मातम है और खूने तमन्ना भी यह जिंदगी गोया किसी मुफलिस की दुआ है हमने तो मुहब्बत में उस बुत की परस्तिश की लेकिन वो समझ बैठा कि वो सच में खुदा है। – **अनु मित्तल**

तेरे अहसान की कीमत, हिसाबों में

तेरे अहसान की कीमत, हिसाबों में लिखी हमनें। ये अपनी चुप्पियाँ तेरे जवाबों में लिखी हमनें। समय? की बंदिशें? हालात पर थी इसलिए ही तो, जो बातें कह नहीं पाए, किताबों में लिखी हमनें।

– कवि अंकित चहल 'विशेष'

मैंने अभी लफ्जों को छेड़ा है

मैंने अभी लफ्जों को छेड़ा है उधेड़ा है उनकी चीखे, आहें और सिसकियाँ भर गयी हैं कमरे में उन्हे चुन चुन कर नज़्मों में पिरोया है कागज़ के लिहाफ़ में भर उन्हे इत्र से भिगोया है, अब भीतर बाहर खामोशी है। – **अनिता कपूर**

उनकी याद कभी दिल से जाए

उनकी याद कभी दिल से जाए तो कुछ अपनी बात लिखूं! उनका दिल कभी बुलाये तो हंसी जज्बात लिखूं! रोने पर उनका मुस्कराना सह पाऊ तो दिल का हाल लिखूं! कोई दिल से सताए तो दर्दे हालात लिखूं! कोई कभी हँस के बुलाये तो हँसी अहसास लिखूं! ये दिल टूट कर बिखर जाये तो आखिरी बात लिखूं! – **पंकज मिश्र**

आगे बढ़ो बढ़े चलो आधुनिकता की

आगे बढ़ो बढ़े चलो, आधुनिकता की सीढ़ी पर पर कब तलक, कहाँ जाना है इक हद के बाद अंधियारे ही हैं और गंध का दलदल है पर दलदल की गंध नही लगती बुरी उन्हें जिन्हें अंधियारे के पहले के उजाले का कोई अनुभव ही नहीं वो धंसे रहना चाहते हैं नाक तक गन्ध के दलदल में।

– मधुलिका शुक्ला

जन्म सबका एक बस संबंधों की

जन्म सबका एक बस संबंधों की परिभाषा अनेक है जात जन्म पर मात पिता धर्म की भाषा अनेक है बिन जात जाने जन्म है साक्षात इस पृथ्वी पर मैं तो बस जग में आया, किन्तु यहां स्वार्थ अनेक है स्व पर चल सुख पाने अपने मात् त्याग पित्र को छोड़ा पूर्ण नहीं एक पर भी स्वप्न यहां खड़े सामने अनेक है जन्म सबका एक बस संबंधों की परिभाषा अनेक है जात जन्म पर मात पिता धर्म की भाषा अनेक है। – **ललित उपाध्याय**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) किस देश ने भारतीय रूपे कार्ड का उपयोग करने पर सहमति व्यक्त की जो वित्तीय कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा और भारतीय पर्यटक प्रवाह को बढ़ावा देगा?
2) तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी के तहत किस राज्य ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया?
3) भारत की प्रथम बहु तरंग दैर्ध्य अंतरिक्ष वेधशाला है-
4) असम में प्रचलित प्रसिद्ध नृत्य शैली सत्रिया / सत्तरिया के विकास का श्रेय किसे दिया जाता है?
5) नेपाल के प्रधानमंत्री के पत्नी का नाम क्या है?

उत्तरमाला- (1) नेपाल (2) उत्तरप्रदेश (3) एस्ट्रोसैट (4) संत शंकरदेव (5) आरजू राणा देउबा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1654- यहूदियों को ब्राजील से निकाला गया। 1755- रूस का पहला विश्वविद्यालय राजधानी मॉस्को में खोला गया। 1828- यूनान की आजादी के समर्थन में रूस की तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा। 1920- महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन। 1959- क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया। 1962- पहली बार एक अमेरिकी अंतरिक्ष यान ने चाँद की सतह को छुआ। 1974- माल्टा ने संविधान अंगीकार किया। 1975- सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना। 1986- चेरनोबिल में परमाणु हादसा हुआ। उस वक्त चेरनोबिल सोवियत रूस का हिस्सा हुआ करता था।

23 यात्री ट्रेनों के बंद होने से फूटने लगा गुस्सा 'आप' के पदाधिकारी मिलेंगे रेलवे जीएम से

■ प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने डीआरएम से रविवार को जताई थी नाराजगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन ने 23 यात्री ट्रेनों के परिचालन को बंद कर दिया है। चौथी रेल लाइन विस्तार को कारण बताया जा रहा है। बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को बंद करने से आसपास के साथ ही दूर की यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों की दिक्कतें कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल सोमवार को दोपहर तीन बजे के बाद रेलवे के महाप्रबंधक से मुलाकात कर यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ करने की मांग रखेंगे। मांग पूरी ना होने पर आंदोलन की चेतावनी भी देंगे।

रेलवे के इस निर्णय के खिलाफ रविवार को राज्य सरकार की ओर से नाराजगी भी जताई गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नाराजगी के बाद राज्य सरकार हरकत में आई और आला अफसरों ने सीधे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक व डीआरएम से बात की और एकसाथ 23 ट्रेनों के परिचालन बंद करने को लेकर जानकारी मांगी।

सरकार की तरफ से रेलवे प्रशासन को दोटूक निर्देशित किया गया है कि जितनी जल्दी हो ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ कराया जाए। इसमें किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। मुख्यमंत्री की नाराजगी के चंद घंटों के भीतर ही शहर प्रवास पर पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने डीआरएम को तलब कर नाराजगी जताई।

बंद ट्रेनों को जल्द प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इसके बाद भी रेलवे का रवैया अड़ियल रहा तो जनआंदोलन की चेतावनी भी दी। जिले के प्रभारी मंत्री बिलासपुर जिले के कलेक्टर डा सारांश मित्तर को रेलवे के महाप्रबंधक से जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित करने और बंद ट्रेनों को जल्द पटरी पर लाने का निर्देश भी दिया है। माना जा रहा है कि जनप्रतिनिधियों और महाप्रबंधक की बैठक के दौरान इस मुद्दे पर गरमागर्म बहस होगी।

आज प्रतिनिधि मंडल करेगा मुलाकात

आम आदमी पार्टी ने इस मुद्दे को हथिया लिया है। आप के पदाधिकारी सोमवार को दोपहर तीन बजे के करीब रेलवे के महाप्रबंधक से मुलाकात करेंगे। बड़ी संख्या में ट्रेनों की आवाजाही बंद होने का कारण पूछेंगे और जल्द प्रारंभ करने की मांग भी करेंगे। अगर रेलवे प्रबंधन ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में आंदोलन की संभावना है।

ससुरालवालों ने तार से गला घोंटकर मार डाला

सुसाइड की झूठी कहानी बनाई, राज खुला तो बोले- घरेलू झगड़े के चलते मार दिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में तार से गला घोंटकर बहू की हत्या करने वाले पति, सास और ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल, बहू की मौत को ससुरालवालों ने पहले पुलिस से फांसी लगाकर आत्महत्या करने की झूठी कहानी बताई थी। हालांकि, उसके मायकेवाले शुरू से ही अपनी बेटी की हत्या की आशंका जता रहे थे। अब दो माह बाद पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर हत्या का राज खुला है। मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार का है।

मल्हार चौकी प्रभारी शंकर गोस्वामी ने बताया कि मल्हार की रहने वाली संजू कांत (22 साल) की शादी दो जुलाई 2020 को अंबेशकांत के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही विवाहिता को ससुरालवाले दहेज के नाम से प्रताड़ित करने लगे थे। बीते 28 फरवरी को उसके परिजन विवाहिता संजू कांत को अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत बताया।

इस दौरान संजू कांत के पति और सास-ससुर ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि बहू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उनके बयान के आधार पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही थी। तब से पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के इंतजार में थी। हालांकि, उसके मायकेवालों ने अपनी बेटी की हत्या का संदेह जताया था। इधर, डॉक्टर ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट दी, जिसमें हत्या का उल्लेख किया गया। बताया गया कि रस्सी से महिला का गला घोंटकर हत्या की गई है।

दहेज में मांगते थे बाइक

मृतिका संजू के मायकेवालों ने पुलिस को अपने बयान में पहले ही बताया था कि शादी के बाद से उसके ससुरालवाले दहेज में बाइक की मांग करते थे। इसके साथ ही आए दिन उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करते थे।

पुलिस की पूछताछ में खुला हत्या का राज

पीएम रिपोर्ट आने पर पुलिस ने महिला के पति अंबेशकांत, उसके ससुर सेवकराम और सास राजकुमारी को पकड़कर अलग-अलग पूछताछ शुरू की। तब उन्होंने सच्चाई बयां कर दिया। रविवार को उन्होंने पुलिस को बताया कि घरेलू विवाद के चलते विवाहिता के गले को तार से लपेटकर उसकी हत्या की थी। बाद में उसे अस्पताल ले जाकर उन्होंने फांसी लगाने की झूठी जानकारी दी थी। इस दौरान आत्महत्या का रूप देने के लिए घर में दुपट्टा भी लटका दिया गया था। ताकि, यह लगे कि उसने फांसी लगाई है और दुपट्टा काटकर उसके शव को उतारने की कहानी भी बनाई थी। अब पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफधारा 302, 304 बी, 201, 34 के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

आदिवासी सेवा सहकारी समिति चपोरा में फूटा 67 लाख का धान घोटाला

■ नगचुई खरीदी केंद्र में 71 लाख र्स्पये धान खरीदी का घोटाला आया था सामने

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर ब्लाक के नगचुई धान खरीदी केंद्र में 71 लाख र्स्पये का धान खरीदी घोटाला सामने आया था। यह मामला अभी पूरी तरह ठंडा नहीं हो पाया कि चपोरा के आदिवासी सेवा सहकारी समिति के जिम्मेदारों ने धान खरीदी में 67 लाख र्स्पये का गोलमाल कर दिया है। घोटाला फूटने के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। धान खरीदी के दौरान क़ी निगरानी के बाद प्रभारियों ने इतने बड़े घोटाले को अंजाम दे दिया है। इसे लेकर चर्चा का बाजार भी सरगर्म है।

चपोरा के आदिवासी सेवा सहकारी समिति में खरीफ सीजन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों से एक लाख 35 हजार 400 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। समिति ने जितना धान खरीदना बताया है उसमें भारी अंतर देखा जा रहा है। प्रारंभिक जांच पड़ताल के दौरान 2700 क्विंटल धान का शार्टेज होना बताया जा रहा है। इसके अलावा बारदाना की संख्या में भी भारी कमी की जानकारी मिली है। धान के अलावा बारदाना का शार्टेज है।

धान के शार्टेज के साथ ही जब अधिकारियों ने खरीदी केंद्र को की गई बारदानों की आपूर्ति के अनुसार संख्या का मिलान किया तो बड़ी संख्या में बारदाना का शार्टेज सामने आया है। खरीदी केंद्र के प्रभारी व बारदाना प्रभारी भी शार्टेज के संबंध में स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे हैं। खास बात ये है कि चपोरा खरीदी केंद्र में इस वर्ष किसानों से खरीदे गए एक लाख 35 हजार 400 क्विंटल धान का उठाव हो गया है। राइस मिलरों के अलावा संग्रहण केंद्र में धान डंप कर दिया गया है।

कड़ी निगरानी के बाद गड़बड़ी

समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान सभी खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई थी। शासन के पोर्टल की भी निगरानी की जा रही थी। कलेक्टर ने फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई थी। इसके बाद एक के बाद पखवाड़ेभर के भीतर दो खरीदी केंद्रों में फूटे धान घोटाला को लेकर सवालिया निशान उठने लगा है।

शार्टेज की होगी रिकवरी

कलेक्टर डा सारांश मित्तर का कहना है कि चपोरा खरीदी केंद्र में शार्टेज धान की रिकवरी का आदेश जारी किया गया है। खरीदी केंद्र के जिम्मेदारों से रिकवरी कर इसकी भरपाई की जाएगी। रिकवरी नहीं हुई तो वसूली की कार्रवाई के साथ ही एफआइआर भी दर्ज कराई जाएगी।

बिलासपुर नगर निगम के प्याऊ इस बार खुले समय पर

बिलासपुर/नवप्रदेश। हर बार गर्मी के मौसम में नगर निगम प्याऊ खोलने में देरी कर देता है। लेकिन इस बार निगम के प्याऊ समय पर खोल दिए गए हैं। इससे रहगीरों की से प्यास बुझ रही है और भीषण गर्मी में राहत मिल रही है।

गर्मी के दिनों में पानी सबसे ज्यादा महत्वपूण तत्व होता है। गर्मी की वजह से प्यास भी ज्यादा लगती है। ऐसे में दिन में हर आधे से एक घंटे के अंदर पानी पीने की आवश्यकता होती है। ऐसे में हर साल शहर के चौक चौराहों पर निगम प्याऊ खोलता है। रविवार से निगम के प्याऊ घर खोल दिए गए हैं। इस बार सत्यम चौक, नेहरू चौक, देवकीनंदन चौक, मंदिर चौक, मंगला चौक, गोल बाजार, गांधी चौक के साथ शहर के अन्य प्रमुख चौक चौराहों में एक दर्जन से ज्यादा प्याऊ खोले गए हैं। साथ

ही अन्य व्यस्थ रहने वाले चौक में प्याऊ खोलने की प्रक्रिया चल रही है। नई जगहों पर भी आने वाले एक से दो दिन के भीतर प्याऊ की सुविधा मिलने लगेगी। इससे सड़क पर चलने वालों को राहत मिली है।

वाटर एटीएम भी हो रहे मरम्मत

गर्मी लगातार बढ़ती ही जा रही है। वहीं मई के महीने में गर्मी अपने पूरे शबाब में रहेगी। ऐसे में रहगीरों को समय-समय पर पानी की जरूरत पड़ते ही रहेगी। इन बातों को ध्यान में रखकर जिला अस्पताल, सिम्स और राघवेंद्र राव सभा भवन परिसर स्थित वाटर एटीएम को फिर से चालू किया जा रहा है। जहां पर लोगों को एक रुपये में आरओ का एक लीटर ठंडा पानी मिल सकेगा। इसके अलावा नेहरू चौक के साथ ही अन्य स्थानों पर बनाए गए पानी घर को भी फिर से चालू किया जा रहा है। आने वाले एक से दो दिन के भीतर इसे शुरू कर दिया जाएगा।

टेबल से टेबल घूम रही अनुदान राशि की जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय स्कूलों में आई अनुदान राशि से एक ही फर्म द्वारा खरीदी करने के मामले मे जांच रिपोर्ट अफसरो के एक टेबल से दूसरे टेबल मे घूम रही है। मामले मे बी.आर.सी.सी के दोषी कर्मचारी को जिले के बडे अफसर बचाने का जुगाड़ बना रहे है। पिछले एक माह से जांच रिपोर्ट अधिकारीयों के टेबल का चक्कर लगा रही है। लगभग एक माह पूर्व राजीव गांधी शिक्षा मिशन के डी.एम.सी एवं शिक्षा विभाग के सहायक संचालक की संयुक्त टीम ने यहा आकर अनुदान राशि मे से एक ही फर्म का सामान खरीदी करने के मामले की जांच करी थी, जिसमें उनके द्वारा संकुल समन्वयको के लिखित में बयान लिए गए थे, पर एक माह का समय बीत जाने के बाद भी आज तक जांच की रिपोर्ट नहीं आ पाई है, जिसके कारण पीडित पक्ष मे हताशा देखने को मिल रही है। शिकायतकर्ता कुछ प्राचार्यो ने जांच के तरीके पर पहले ही सवाल उठाए थे, उस पर अब लंबा समय बीतने के बाद रिपोर्ट ना आना पीडित पक्ष की शंका को सही साबित कर रही है। दरअसल स्कूलों में प्रत्येक वर्ष समग्र शिक्षा विभाग की ओर से मूलभूत राशि के रूप मे निश्चित रूपयों का आबंटन दिया जाता है, उस राशि से स्कूल मे मरम्मत कार्य के अलावा शिक्षा संबंधित सामग्री एवं अन्य प्रकार के सामानो की खरीदी की जाती है। इस वर्ष भी ब्लाक के 380 प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओ मे लाखो रुपए की अनुदान राशि समग्र शिक्षा विभाग की ओर से भेजी गई थी।

महंगाई ने रोका रास्ता, परिवार के साथ कम आ रहे होटल, रेस्टोरेंट में खाने

बिलासपुर/नवप्रदेश। महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी है। रोजमर्रा की चीजों की कीमतों में उछाल होने से लोग परेशान हैं। लिहाजा लोगों ने खर्चों में कटौती करना शुरू कर दिया है। ऐसे में परिवार के साथ होटल और रेस्टोरेंट में जो खाने जाते थे, अब वे इससे बचने लगे हैं। ऐसे में होटल और रेस्टोरेंट का कारोबार प्रभावित हो रहा है। वहीं, आइक्रीम पार्लरों की कमाई में भी कमी आ गई है। कपड़ा बनाने वालों का धंधा भी चौपट हो गया है। डिस्पोजल, प्लेट, दोना, अगरबत्ती का काम ठप है। कई महिला व पुरुष बेरोजगार हो चुके हैं।

रिंग रोड 2 स्थित टीएलसी रेस्टोरेंट के मैनेजर मोहम्मद अकील ने बताया कि पिछले तीन सालों में इस बार सबसे ज्यादा महंगाई का असर है। इसका दुष्परिणाम रेस्टोरेंट संचालकों को पड़ रहा है। रेस्टोरेंट को बेहतर तरीके से चलाने के लिए कम कमाई पर मैनेज करना पड़ रहा है। सभी खाद्य सामग्री की कीमत तो बढ़ गई है। भोजन में शुल्क बढ़ा रहे हैं तो ग्राहकों के टूटने की स्थिति निर्मित हो जाती है। ग्राहक अपने ऊपर अतिरिक्त भार लेना नहीं

चाहते हैं। इसलिए पहले जिस सामग्री में प्रति थाली 20 रुपये फायदा मिलता था, वह अब 10-12 रुपये मिल रहा है। व्यवसाय को चलाना है इसलिए कम फायदे में ही मैनेज करना पड़ रहा है। रेस्टोरेंट आने वाले ग्राहक 20-30 फीसद तक कम हुए हैं। कारोबारियों के अनुसार आनलाइन आर्डर भी 30 फीसद तक कम हुए हैं।

पार्सल आर्डर 70 फीसद घट गया

सरकंडा के आइसक्रीम संचालक संजय कुमार साहू ने बताया कि वे रोजाना शाम को वाहन में फेरी लगाकर आइसक्रीम बेचते हैं। कच्चा माल की कीमत बढ़ने के कारण आइसक्रीम के दाम में भी बढ़ोतरी हो गई है।

ई-रिक्शा चालक स्टॉपेज की कर रहे मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में संचालित ई रिक्शा चालकों को स्टापेज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। जहां रिक्शा खड़ी करते हैं। वहां आटो चालक विरोध करने लगते हैं। इससे विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। पिछले कुछ दिनों से आटो चालक और रिक्शा चालकों के बीच विवाद जारी है। यातायात विभाग ने किसी भी तरह विवाद को शांत कराया, लेकिन ई रिक्शा वालों को स्टापेज नहीं मिला है।

ई रिक्शा चालकों का कहना है कि वे स्टापेज के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं कि दूसरी सवारी गाड़ियों की तरह उन्हें भी सम्मानपूर्वक सवारी भरने का स्थान मिले। अपनी गाड़ियों में यात्रियों को बैठाकर उनके गंतव्य सुरक्षित पहुंचा सके। स्टापेज नहीं होने के कारण चालकों को कई प्रकार के परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कई बार दिनभर सवारी नहीं मिलते हैं। यात्रियों को भी नहीं मालुम है कि ई रिक्शा वाले कौन सी जगह पर मिलेंगे। स्मार्ट रोड पर इकलौता चार्जिंग पावाइंट है, जहां ठहरकर वे गाड़ियों को चार्ज करते हैं। इसके अलावा उन्हें कहीं भी सवारी भरने की विधिवत अनुमति नहीं मिली है।

आटो वालों की तरह स्थाई स्टैंड चाहिए

एसोसिएशन की अध्यक्ष हीरा कश्यप का कहना है कि उन्हें रेलवे ने पांच आटो के बाद एक ई-रिक्शा चलाने की अनुमति तो दी है, लेकिन यह काम तभी संभव होगा जब इसकी रोजाना मानिटरिंग होगी। वे यहां आटो वालों की तरह ही स्थाई स्टैंड की मांग कर रहे हैं तो किसी के दबाव के बिना वे अपनी गाड़ियों में सवारी भर सके। वह भी नियमानुसार। उनके मुताबिक वे भी आटो वालों की तरह एक निश्चित किराया वसूल करेंगे और अनुशासन का पालन करेंगे।

इन जगहों पर की जा रही मांग

ई रिक्शा चालकों ने शहर में रेलवे स्टेशन के अलावा उसलापुर स्टेशन, सिम्स चौक, नया, पुराना बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक, नेहरू चौक और मंगला चौक में स्टापेज देने की मांग की है। फिलहाल उन्हें यहां रुकने की अनुमति प्रदान नहीं की गई है।

साइबर क्राइम : स्पैम और फिशिंग कॉलर्स के टारगेट पर छत्तीसगढ़

बिलासपुर/नवप्रदेश। इस मोबाइल और कंप्यूटर युग में जिस प्रकार से इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का इस्तेमाल अपराध और गुमराह करने के लिए हो रहा है उसके आंकड़े चौंकाने वाले हैं। यदि मोबाइल की ही बात करें तो टेलिमार्केटिंग, स्पैम कॉल और फिशिंग कॉल साइबर अपराध के लिए बड़े टूल बन गए हैं। बड़ी संख्या में लोग इसके शिकार भी हो रहे हैं।

जो आंकड़े सामने आए हैं उसके अनुसार पूरे देश में स्पैम और फिशिंग कॉल को लेकर सबसे ज्यादा शिकायत छत्तीसगढ़ में दर्ज हुई है। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि ये शिकायत शिकार होने के बाद की है या फिर जागरूकतावश पहले की गई हैं। दूरसंचार विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ से 15 शिकायतें दर्ज करवाई गई हैं। जबकि इस वर्ष 25 फरवरी तक 46 शिकायत दर्ज करवाई गई है। वहीं महाराष्ट्र में पिछले तीन वर्षों में 26 शिकायतें और इस वर्ष में फरवरी तक दो शिकायतें की गई हैं।

मेडिकलकर्मी को दो लाख का चूना लगाने वाला ठग की तलाश में जुटी पुलिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। कूरियर से आर्डर वाला सामान भेजने का झांसा देकर मेडिकलकर्मी के साथ दो लाख र्स्पये की धोखाधड़ी करने वाला आरोपित ठग को पड़ने पुलिस ने योजना बनाई है। कूरियर और मोबाइल नंबर का डिटेल साइबर सेल में जमा कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपित ठग को पकड़ लिया जाएगा।

मुंगेली जिला के लोरमी थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़तरा कला निवासी रवि शंकर जायसवाल कश्यपबाड़ा बंधवापारा में किराए के मकान में रहते हैं। वे मेडिकल उपकरण और सर्जिकल का काम करते हैं। उन्होंने बीते 23 अप्रैल को सरकंडा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पिछले पांच फरवरी को रवि अपने मेडिकल इंस्ट्रूमेंट मंगवाने के लिए मार्स्ति कूरियर से आर्डर किया था।

आठ फरवरी को सामान की डिलवरी होनी थी। लेकिन तय समय पर सामान नहीं मिला। इस परउन्होंने गुगल से मार्स्ति कूरियर का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। 10 फरवरी को उन्होंने उस नंबर पर फोन लगाया, लेकिन किसी से बात नहीं हो पाई। कुछ समय बाद अनजान मोबाइल नंबर से काल आया। फोन करने वाला ने शंकर को पता अपडेट नहीं होने का झांसा देकर ऐनीडेक्स एप डाउनलोड कराया।

मोबाइल में एप अपडेट करते ही उनके आइसीआइ व पंजान नेशनल बैंक के खाते से अलग अलग किस्त में दो लाख चार हजार आठ सौ र्स्पये निकाल लिए गए। सरकंडा पुलिस ने धोखाधड़ी के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने ठग का मोबाइल नंबर और कूरियर की पूरी जानकारी जुटा रही है।

इसके लिए पुलिस की साइबर सेल से भी मदद लिया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि धोखाधड़ी करने वाला आरोपित झारखंड या बिहार के हो सकता है। ठग के बारे में पता चलते ही पुलिस की टीम उसे पकड़ने रवान होगी। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।

प्रेमी देर से आया, तो खुद को लगाई आग, पुलिस ने लड़के पर दर्ज की एफआईआर

17 साल की लड़की ने की आत्महत्या का प्रयास किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में 17 साल की लड़की ने खुद पर केरोसीन डालकर आग लगा ली। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि लड़की ने अपने प्रेमी को मिलने के लिए बुलाया था। प्रेमी के देरी से पहुंचने पर नाराज होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। खास बात यह है कि पुलिस ने बिना जांच किए उसके प्रेमी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। जबकि, लड़की और उसके परिजन ने खुद से

आग लगाने की बात कही है। घटना सीपत थाना क्षेत्र की है।

सीपत क्षेत्र में रहने वाली किशोरी 17 वर्षीय बीते शुक्रवार को अपने घर में अकेली थी। उसके माता-पिता रोजी मजदूरी करने गए थे। इस दौरान उसने अपने प्रेमी जितेंद्र जांगड़े को मिलने के लिए घर बुलाया। जितेंद्र जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा क्षेत्र के धनपुर में रहता है। उसके गांव से लड़के गांव दूर है, जिसके कारण वह लड़की के बुलावे पर देरी से उसके घर पहुंचा। प्रेमी के देर से पहुंचने पर लड़की नाराज हो गई और उसने अपने कपड़ों पर केरोसीन डाल लिया।

बताया जा रहा है कि वह प्रेमी जितेंद्र के आने का इंतजार करती रही। जैसी ही जितेंद्र उसके घर पहुंचा लड़की ने खुद को आग लगा ली। उसे जलते देखकर घबराए जितेंद्र ने किसी तरह आग बुझाई और आनन-फानन में लड़की को अकलतरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया। वहां से अकलतरा पुलिस को अस्पताल से सूचना दी गई और बताया गया कि लड़की को उसके प्रेमी ने आग लगाकर मारने की कोशिश की है। इस आधार पर पुलिस ने शुन्य में मामला दर्ज कर डायरी सीपत थाने में भेज दी।

खुद से लगाई आग, अब होगा मजिस्ट्रेरियल बयान

इधर, रविवार को सीपत पुलिस ने जानकारी जुटाई, तब पता चला कि लड़की सिम्स अस्पताल में भर्ती है। इस पर इंस्पेक्टर राजकुमार सौरी उसका बयान दर्ज करने पहुंचे। इंस्पेक्टर राजकुमार सौरी ने बताया कि घटना के तत्काल बाद लड़की का प्रेमी उसे लेकर अकलतरा अस्पताल चला गया। इसकी प्राथमिक जांच भी अकलतरा पुलिस ने की है। इसमें पुलिस को पता चला कि प्रेमी ने ही किशोरी को आग के हवाले किया है। इसके आधार पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया। लेकिन, जब सीपत पुलिस ने लड़की और उसके परिजन का बयान दर्ज किया, तब उन्होंने बताया कि लड़की ने खुद से अपने ऊपर आग लगाई है। अब पुलिस इस मामले में कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराएगी।

जल संसाधन विभाग का भ्रष्टाचार लोगों के लिए परेशानी का सबब

रामानुजगंज/नवप्रदेश। रामानुजगंज जल संसाधन विभाग का भ्रष्टाचार एक बार फिर नगर के 25 हजार आबादी के लिए परेशानी का सबब बन गया है कन्हर नदी में करीब 9 करोड़ रुपए जल संसाधन विभाग के द्वारा एनीकट बनाने के लिए स्वाहा कर दिए गए परंतु एनीकट का निर्माण से लेकर आज तक उपयोगिता नगरवासियों के लिए सिद्ध नहीं हो सकी। एक ओर एनिकट का कार्य पूर्ण नहीं किया गया दूसरी ओर एनीकट के गेट खराब होने से पानी निकल गया जिससे अब नगर में भीषण जल संकट उत्पन्न हो सकता है। नगर पंचायत एवं नगरवासी अब नियमित पेयजल सप्लाई कैसे होगा इसे लेकर चिंतित है।

गौरतलब है कि नगर पंचायत क्षेत्र में नियमित्त जल प्रदाय व्यवस्था पूर्णत कन्हर नदी पर आश्रित है। गर्मियों में प्रत्येक वर्ष कन्हर नदी के सूख जाने के बाद नियमित जल प्रदाय व्यवस्था चरमरा जाती थी जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा कन्हर में एनीकट बनवाने की स्वीकृति प्रदान की एनीकट निर्माण की स्वीकृति मिलने से नगर वासियों में हर्ष था एवं नगरवासी आशा करने लगे थे कि अब गर्मियों में भी हम लोगों को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध होगा परंतु जल संसाधन विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों के कारण एनीकट का निर्माण आज तक पूर्ण नहीं हुआ वही करीब 5 करोड रुपए लागत से बनने वाले एनीकट में 9 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए परंतु स्थिति यह है कि आज तक एनीकट का निर्माण तक पूरा नहीं हुआ। यहां तक कि गेट भी ठीक नहीं है जिस कारण अप्रैल दूसरे पखवाड़े में ही एनीकट सूखने के लिए कगार पर आ गया है। जिसे अब नगर पंचायत की जल प्रदाय व्यवस्था चरमरा जायगी।

भ्रष्ट अधिकारियों की न कोई जांच न हुई कार्रवाई, कन्हर एनिकट के बड़े भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों के विरुद्ध कभी जांच हुई न ही उन पर कार्रवाई हो इस कारण क्षेत्र के अधिकांश विभाग की योजनाओं का ऐसा ही हाल या इससे भी बुरा हाल है।

नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि अभी तक नगर पंचायत द्वारा नियमित पेयजल सप्लाई की जा रही है परंतु कन्हर नदी के सूख जाने से हम सब चिंतित हैं। जिस प्रकार से लगातार कन्हर का जलस्तर भी नीचे जा रहा है निश्चित रूप से शहर को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है नगर पंचायत के द्वारा नियमित पेयजल की व्यवस्था बनी रहे इसके लिए जैकवेल के चारो ओर डबरी का भी निर्माण कराया गया है। एनीकट की कभी भी उपयोगीगीता सिद्ध नहीं हो सकी है। इसकी उपयोगिता हेतु एनीकट में आवश्यक सुधार कार्य कराया जाना अति आवश्यक है।

12 लीटर अंगेजी शराब व मोटर साइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ **मोटर साइकिल में अंग्रेजी शराब रख बेचने के फिराक में था तस्कर**

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ बघेल तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनुराग झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति चित्रा वर्मा के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपियों के कब्जे से 12020 मिलीलीटर अंग्रेज़ी शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त डीओ होंडा स्कूटर भी जप्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 24 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी एक व्यक्ति डी ओ होंडा स्कूटर में शराब का परिवहन, बिक्री हेतु कर रहा हैं।सूचना की तस्दीक के दौरान थाना कांकेर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नया बस स्टैंड कांकेर के पास मुखबिर द्वारा बताए गए वाहन को रोक कर तलाशी लिया गया। जांच के दौरान डीओ होंडा स्कूटर सवार आरोपी निरंजन गुप्ता पिता स्व विश्वनाथ गुप्ता उम्र 57 वर्ष निवासी कोकानपुर के पास मोटर साइकिल डीओ होंडा क्रमांक सीजी 04 एमके 2939 में आरोपी पिट्ठू बैग एवम मोटर साइकिल की डिग्गी में अंग्रेजी शराब की अवैद्य शराब तस्करी की जा रही थी। सूचना के आधार पर उक्त आरोपी की जांच पड़ताल किए जाने पर उसके पिट्ठू बैग सहित डिग्गी में रखे शराब जिसमे मैकडॉवेल नंबर वन 15 नग पाया गया। पिठ्ठु बैग में गोवा अंग्रेजी शराब 24 नग 10 नग सिम्बा केन बियर अवैध रूप से रखा पाये गया है। अवैध शराब की कुल मात्रा 12020 एमएल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। शराब तस्कर से पुलिस की पूछताछ में शराब बिक्री हेतु ले जाना स्वीकार किया है।आरोपी के विरुद्ध थाना कांकेर में धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।शराब परिवहन में प्रयुक्त डीओ होंडा क्रमांक सीजी 04 एम के 2939 भी जप्त किया गया है ।

कोदागांव हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

छात्राओं ने मारी बाजी

■ **प्राविण्य सूची में आने वालो को सरपंच के हाथों मिला सम्मान**

कांकेर/कोदागांव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कोदागांव के शासकीय उ.मा. विधालय कोदागांव में कक्षा 9 और 11 वी परीक्षा परिणाम की घोषणा मुख्य अतिथि पंचू राम नायक सरपंच कोदागांव एवं छत्तीसगढ़ सरपंच संघ, संगठन मंत्री, अध्यक्षता जी डी वाधवानी प्राभारी प्राचार्य के द्वारा किया गया। साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षकाएं और छात्र-छात्राओं के उपस्थिती में रिजल्ट घोषित किए जाने पश्चात मुख्य अतिथि कोदागाव सरपंच पंचु राम नायक ने हायर सेकंडरी स्कूल कोदागांव विकास खंड कांकेर के कक्षा 9वी 11वी का परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया है। विद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में सरपंच पंचू राम नायक ने अपने उद्बोधन में बच्चों के उज्जवल भविष्य के साथ आगे बड़ने ग्राम का नाम अपने गुरुजनों का नाम अपने माता पिता का नाम अपने भविष्य को अच्छे मार्ग की ओर अग्रसर हो कर पढ़ाई करे यही बात करते हुए परीक्षा का परिणाम इस प्रकार से घोषित किया गया कक्षा 11वी विज्ञान प्रथम कु. भुनेश्वरी 78.2% द्वीतिय कु. इन्दु साहू 69% कला संकाय प्रथम पेमेंद्र कुमार दरो 64.4% दितीय विकास कुमार 60.6% कामर्श संकाय प्रथम कु. भूमिका 63.2% दितीय कु. टिकेश्वरी 61.6% कक्षा 9वी प्रथम अखिल सेन 95% दितीय कु. डिंपल 81.5% अंक लाकर प्रथम स्थान बनाया है।

28 किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

■ **बस में लैलूंगा से अंबिकापुर होते गढ़वा गांजा ले जा रहा था युवक**

रायगढ़/नवप्रदेश। एसपी अभिषेक मीना द्वारा गांजे के अवैध तस्करी पर कार्यवाही के दिशा-निर्देशों पर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा डिवीजन के सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के साथ ही नशीली दवाइयां (प्रतिबंधित कैप्सूल इंजेक्शन) एवं गांजे की अवैध तस्करी विशेषकर उड़ीसा से होने वाले गांजे की तस्करी पर निगाह रख कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है, निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में प्रभारीगण मुखबिर लगाकर सूचनाओं पर कार्रवाई किया जा रहा है।

रविवार के सुबह चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उपनिरीक्षक जेम्स कुजूर को उनके लगाए मुखबिर से सूचना मिली कि सोनाजोरी, लैलूंगा से पत्थलगांव-सीतापुर-अंबिकापुर जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस बस में एक युवक पिट्ठू बैग सहित तीन बैग जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर गढ़वा (झारखंड) ले जा रहा है । चौकी प्रभारी द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपने स्टाफ के साथ फॉरेस्ट बैरियर बाकारूमा के पास नाकेबंदी कर राजधानी बस का आने का इंतजार किए सुबह करीब 08:30-9:00 बजे के बीच राजधानी एक्सप्रेस बस छ्त्त-15 एबी - 0592 के आने पर स्टाफद्वारा बस चालक को चेकिंग के कारण से अवगत करा कर बस को चेक किया गया जिसमें मुखबिर द्वारा बताए हुलिए अनुसार युवक मिला जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम राहुल कुमार सिन्हा पिता ललन किशोर सिन्हा उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06 रंका थाना रंका जिला गढ़वा (झारखंड) का होना बताया । संदेही राहुल कुमार सिन्हा को एनडीपीएस एक्ट कार्यवाही की जानकारी देकर गवाहों के समक्ष उसके पास रखे 3 बैग को चेक करने पर तीनों बैग में 1-1 किलो के बनाएं 28 पैकेट गांजा मिला जिसका विधिवत तौल मशीन से वजन कराए जाने पर कुल 28 किलो गांजा कीमती 1,40,000 का गांजा पाया गया। आरोपी राहुल सिन्हा पूछताछ में सोनाजोरी से गांजा लेकर अंबिकापुर जाना एवं अम्बिकापुर से दूसरी बस पकड़कर गांजा को गढ़वा ले जाना बताया है। आरोपी से अवैध 28 चद्द गांजा जप्त कर आरोपी पर चौकी रैरूमाखुर्द (थाना धरमजयगढ़) में धारा 20(B) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है ।

विश्व मलेरिया दिवस : मलेरिया को जड़ से मिटाने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कोरबा/नवप्रदेश। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को मलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नागरिकों को मलेरिया के प्रति जागरूक करने और इस रोग से बचाव और सावधानी के लिए लोगो का ध्यान आकर्षित करने की पहल की गई। इस अवसर पर भारत से मलेरिया दूर करने तथा वर्ष 2030 तक छत्तीसगढ को मलेरिया मुक्त करने के लिए सब मिलकर काम करने के संदेश के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर, बैनर आदि के द्वारा मलेरिया से बचाव के संदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में मलेरिया से बचने के तरीके और उपचार के बारे में लोगो को जानकारी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिको से मलेरिया के लक्षणो का अनुभव होने पर तुरन्त चिकित्सक से संपर्क करने तथा खून जांच कराने की अपील की गयी। खून जांच एवं मलेरिया रोधी दवा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.बी. बोडे ने बताया कि मच्छरों के कारण फैलने वाली इस बीमारी में हर साल कई लोग अपनी जान गवा देते हैं। मलेरिया प्रोटोजुवन प्लाज्मोडियम नामक किटाणु मादा एनाफ्लिीज मच्छर के माध्यम से फैलते है। ये मच्छर एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे तक संक्रमण फैलाने का काम भी करते है। मलेरिया एक वैश्विक जन स्वास्थ्य समस्या है। इससे बचने के लिए घर के आस-पास नालियों में पानी जमा नही होने देना चाहिए जिससे मच्छर ना पनप पाये।

इसी उपक्रम में जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखण्ड़ों में आज 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। जिसमें मलेरिया रोग से बचाव एवं रोकथाम के बारे में लोगो को जागरूक एवं इसके दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया गया। मलेरिया के संक्रमण को रोकने के प्रति किये गये कोरबा जिले के कार्यो एवं उसकी उपलब्धि से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.बी. बोडे एवं जिला मलेरिया नोडल अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश द्वारा विगत 05 वर्षो के आंकड़ो की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये गये प्रचार-प्रसार ग्रामीण स्तर पर डी.डी.टी. छिड़काव, मच्छरदानी वितरण एवं उपचार से मलेरिया वार्षिक परजीवी सूचकांक 2017 मे 2.97 था, जो घटकर वर्ष 2021 मे 0.12 हो गया है।

स्वास्थ्य विभाग में संविदा भर्ती के लिए आवेदनों पर दावा आपत्ति कल तक

कोरबा। शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में स्वीकृत चतुर्थ वर्ग के संविदा पद में भर्ती के लिए मंगाये गये आवेदनों की पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गयी है। वाक इन इन्टरव्यू के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की पात्र-अपात्र सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया हैं। सीएमएचओ डॉ. बी.बी. बोडे ने बताया कि पात्र-अपात्र सूची मे दावा आपत्ति 27 अप्रैल 2022 को दोपहर एक बजे तक आमंत्रित किया गया है। दावा आपत्ति कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा में प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित अवधि उपरांत प्रस्तुत दावा आपत्ति स्वीकार नही किये जायेंगे।

छात्र छात्राओं की उत्तर पुस्तिका महाविद्यालय में जमा करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के सामाजिक कार्यकर्ता व युवा कांग्रेस के नेता दीपक कर ने सूरजपुर कलेक्टर को आवेदन सौपकर सूरजपुर महाविद्यालय के नियमित व स्वधायीय छात्र छात्राओं की उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय में जमा करने की तिथि सन्त गहिरा गुरु विश्विद्यालय के आदेश अनुसार तिथि पर लेने हेतु मांग की है।

आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि सन्त गहिरा गुरु विश्विद्यालय द्वारा समस्त महाविद्यालय की छात्र -छात्राओं की परीक्षा इस वर्ष भी ऑनलाइन माध्यम से ली जा रही है जिसमे छात्र अपनी उत्तरपुस्तिकाओ को घर पर ऑनलाइन ब्लेंडेड मोड़ से लिखकर समस्त उत्तरपुस्तिकाओं को विश्विद्यालय के आदेश अनुसार तिथि पर अपनी अपने सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करना है किंतु पण्डित रेवती रमण मिश्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विश्विद्यालय के आदेश के विपरीत स्वंय का आदेश जारी करते हुए उत्तरपुस्तिकाओं को जमा करने की तिथि 29 अप्रेल 2022 की जगह 27 अप्रेल 2022 को जमा करने हेतु आदेश जारी किया गया है ,जिसके कारण समस्त परीक्षार्थि मानसिक रूप से तनाव महसूस कर रहे है ,इसी तनाव के कारण वो समस्त विषयो की परीक्षाएं अच्छे से नही लिख पा रहे है ,छात्र विश्विद्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार अपनी तैयारी किये हुए है ऐसे में सूरजपुर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा जारी आदेश छात्रों को मानसिक रूप से तनाव में डाल रहे है।

दीपक कर ने आवेदन के माध्यम से आग्रह करते हुए सूरजपुर महाविद्यालय के समस्त कक्षाओं के परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं को जमा करने की तिथि विश्विद्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार ही लेने हेतु निर्देश देने की मांग की, ताकि समस्त छात्र अच्छे से परीक्षाएं लिख सके और विश्विद्यालय द्वारा जारी नियत तिथि तक महाविद्यालय में अपनी उत्तरपुस्तिकाओं को जमा कर सके।

पानी कम होते ही मछली पकड़ने एनीकट में उमड़ी लोगों की भीड़

रामानुजगंज/नवप्रदेश। रामानुजगंज नगर के वार्ड क्रमांक 9 महामाया मंदिर के समीप स्थित कन्हर एनीकट का पानी सूखने के कगार पर आते ही नदी में छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के सैकड़ों लोगों की भीड़ मछली मारने के लिए लग गई आज सुबह से ही मछली मारने के लिए लोगों में आपाधापी मची रही।

गौरतलब है कि विगत 1 सप्ताह से लगातार एनीकट में प्रतिदिन मछली मरने वालों की भीड़ लग रही है वहीं आज जब पानी बिल्कुल कम हो गया तो एकाएक बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही मछली मारने के लिए पहुंचने लगे जैसे ही पानी कम होते गया वैसे ही मछलियां उछलना शुरू कर दी स्थिति यह हो गई की बच्चे, बुजुर्ग, महिला सभी मछली मारने के लिए नदी में उतर गए। कोई जाली से कोई हाथ से मछली मारते देखा गया।

कन्हर की स्वादिष्ट मछलियों को खरीदने के लिए खरीददारों की भी लगी भीड़, कन्हर नदी की मछली बहुत ही स्वादिष्ट मानी जाती है जिस कारण जितने लोग मछली मारने के लिए नदी में उतरे थे उससे कहीं ज्यादा मछली खरीदने के लिए भी खड़े थे मुंह मांगा कीमत पर मछलियां आज बिकी।

एक एक व्यक्ति को 10 से 15 किलो मछली लगा हाथ, आज जहां सैकड़ों लोग छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के मछली मारने के लिए कन्हर नदी में उतर गए वहीं कोई ऐसा व्यक्ति नहीं था जिसे 10 से 15 किलो मछली न मारा हो।

श्री सत्य साईबाबा का समाधि दिवस को आराधना महोत्सव के रूप में मनाया गया

■ **लंगर खिलाकर गरीबों को बांटे वस्त्र**

कांकेर/नवप्रदेश। 24 अप्रेल को सत्य साईबाबा के समाधि दिवस को आराधना दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें प्रातः 5 बजे सुप्रभातम शाम 6 बजे नारायण सेवा रुद्रम भजन एवम महामंगल आरती के पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम में आर.डी. वट्टी, मोहन सेनापति, जोगिंदर परिहार, पंकज कौशिक, जगदीश मरावी, रितेश जैन, योगेश जैन, शिव नारायण नेताम योगेश मरावी, शांति पंत शकुंतला जोशी, माधुरी गुप्ता, कृष्नी कौशिक, जया सेनापती, स्मृति कौशिक, संतोषी मरावी, कृष्णा पाण्डव, सरिता गुप्ता, डॉ शशि चौहान, मीनाक्षी जैन, छाया कौशिक, लक्ष्मी सिंह, योगेश मरावी एवं समस्त साई भक्तों का योगदान रहा।

मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे शिवसैनिकों को पुलिस ने रास्ते में रोका, किया गिरफ्तार

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। शिवसेना द्वारा चारामा में मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान पूर्व नियोजित ज्ञापन सौंपने जाते हुए शिवसेना कार्यकर्ताओं को पुलिस ने मुख्यमंत्री से मिलने नहीं दिया।और ना ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने दिया जिससे आक्रोशित होकर शिवसेना कार्यकर्ता प्रदर्शन करने लगे जिसे पुलिस ने बल पूर्वक गिरफ्तार कर लिया। शिवसेना कांकेर जिला इकाई द्वारा प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार अन्याय अत्याचार शोषण प्रशासनिक निरंकुशता एवं आम जनता की समस्याएं एवं क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाह रहे थे। किंतु पुलिस द्वारा शिवसैनिकों को गिरफ्तार करने से शिवसेना कार्यकर्ता जनता की आवाज को मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंचा पाए। शिवसेना मुख्यमंत्री से सवाल करती है। कि क्या वह है प्रदेश के मुखिया जो कि एक निर्वाचित मुख्यमंत्री है उनके समक्ष आम जनता अपना दुख दर्द नहीं रख सकती। तो फिर प्रदेश की जनता जाए तो कहां जाए। ऐसा क्या कारण है कि प्रदेश की सरकार असहमति के स्वर नहीं सुनना चाहती। क्या उसे क्षेत्र की वास्तविकता का ज्ञान नहीं है। या फिर वह पूर्व की सरकारों के तरह अधिकारियों के आंखों से क्षेत्र की विकास कार्य को देख रही है। शिवसेना प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि वह प्रदेश में अधिकारियों और नेताओं के संरक्षण में हो रहे भ्रष्टाचार ,रेत माफिया ,गुंडाराज पर लगाम लगाते हुए चारामा क्षेत्र की आम जनता को भयमुक्त प्रदान करने का कष्ट करेंगे। एवं प्रदेश में कांग्रेस के घोषणा पत्र को लागू करते हुए किसान, बेरोजगार, दैनिक वेतन भोगियों, नौजवानों को उनका हक और अधिकार दिलाने का प्रयास करेंगे।

सेन समाज कल मनाएगा सेन जयंती

■ **नंदाजी सेन महाराज की 722 वी जयंती पर वृद्धजनों का चरण धोकर करेगी सम्मान**

कांकेर/नवप्रदेश। जिला सर्व सेन समाज अपने अराध्य देव संत शिरोमणि नंदाजी सेन महाराज की 722 वी जयंती का उत्सव हर्षोल्लास के साथ सेन भवन बीटीआई कॉलोनी में मना रही है । मीडिया संयोजक लोकेश्वर सेन सह संयोजक ओम प्रकाश सेन ने बताया कि 27 अप्रैल बुधवार को जिला सर्व सेन समाज के द्वारा अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में सेन जयंती मनाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिशुपाल शोरी विधायक एवं संसदीय सचिव, कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश सेन अध्यक्ष सर्व सेन समाज, विशिष्ट अतिथि हेमंत ध्रुव अध्यक्ष जिला पंचायत बृजेश ठाकुर सदस्य बस्तर विकास प्राधिकरण, सरोज ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जितेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पवन कौशिक पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका लीना जैन पार्षद नगर पालिका विजयलक्ष्मी कौशिक पार्षद तथा समाज क वरिष्ठ जन मंच अतिथि होंगे ।इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ ,कर्मचारी प्रकोष्ठ, सैलून संघ व सभी फिरका ढेढ़हीपार, झेरीया ,चंदापार व श्रीवास इकाई के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पारंपरिक खेल, बालिका शिक्षा सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन। सेन समाज के द्वारा ध्वज पताका के साथ मोटरसाइकिल रैली निकाली जायेगी जो पुरे कांकेर शहर का भ्रमण करते हुए सेन चौक मे पुजा अर्चना करेगी। सैलून संघ आयोजन स्थल की संपूर्ण व्यवस्था व कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा मंचीय कार्यक्रमों का संचालन एवं समाज के वरिष्ठ वृद्धजनों चरण धोकर आत्मीय सम्मान तथा समाज के व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एवं समाज के होनहार छात्र छात्राओं का सम्मान कर धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला सर्व सेन समाज के सभी विकास खंड इकाई प्रमुख आयोजन में सजातीय बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल कर आयोजन को सफल बनाएंगे। सेन समाज की सभी व्यापारिक प्रतिष्ठाने इस दिन बंद रहेगी। आयोजन को सफल बनाने पूर्व तैयारी में संरक्षक अरुण कौशिक, अध्यक्ष कैलाश सेन, सचिव प्रदीप कौशिक, कोषाध्यक्ष पवन सेन, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रद्युम्न श्रीवास सचिव ओमप्रकाश सेन, कोषाध्यक्ष लीलाधर कौशिक, प्रदीप सेन, सैलून संघ अध्यक्ष नरेश शांडिल्य, कौशल शांडिल्य ,शिव कुमार सेन, घनश्याम कौशिक, दिनेश सेन, लोकेश्वर सेन, शैलेंद्र कौशिक, संदीप कौशिक, राम गोपाल सिंह, उमाशंकर सेन, अभीराम सेन, कौशल शांडिल्य, हीरा सेन, दीनू सेन सहित जिला संघ, सैलून संघ पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठ पदाधिकारी तथा विकासखंड के पदाधिकारी एवं इकाई सदस्यगण अपना योगदान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता सह सम्मेलन का किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता सह सम्मेलन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ योग आयोग के पंचम स्थापना दिवस पर राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता सह सम्मेलन का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता सह सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा और छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह, राजेश नारा उपस्थित है। मुख्यमंत्री तथा अन्य अतिथियो के समक्ष योगासन के छात्रों ने किया योगासन का प्रदर्शन।

रायपुर का पहला सी-मार्ट स्टोर सुभाष स्टेडियम कॉम्पलेक्स में शुरू

महुआ कुकीज, महुआ स्केवैश, हर्बल सोप से लेकर बड़ी, पापड़, मसाले और हस्तशिल्प तक मिलेंगे सी-मार्ट में

■ महापौर ढेबर ने किया शुभारंभ, पहला ग्राहक बन खरीदे 50 हजार के सामान

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में नेता जी सुभाष स्टेडियम कॉम्पलेक्स में जिले का पहला सी-मार्ट स्टोर शुरू हो गया। महुए से बनी कुकीज, महुए के स्केवैश, बेल का शरबत, आयुर्वेदिक जड़ी-बुटियो से लेकर हर्बल साबून, बड़ी, पापड़ मसाले और छत्तीसगढ़ी हस्तशिल्प उत्पाद इस सी-मार्ट में लोंगो को बाजिव दामों पर मिलेंगे। आज नगर निगम के महापौर श्री एजाज ढेबर और सभापति श्री प्रमोद दुबे ने जिले के पहले सी-मार्ट स्टोर का शुभारंभ किया। इसके साथ ही पहले ग्राहक के रूप में दोनों ने महिला स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए गए लगभग 50 हजार रूपये के आकर्षक हस्तशिल्प, हर्बल साबून और स्थानीय खाद्य सामग्री भी खरीदी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रायपुर स्मार्ट सिटी के एम.डी. श्री मयंक चतुर्वेदी सहित स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी मौजूद रही। किसी आधुनिक सुपर मार्केट की तर्ज पर इस सी- मार्ट स्टोर का संचालन भी पुरी तरह से स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा ही किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में सुराजी गांव योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों को उनके हाथों से बनाए गए उत्पादों के लिए संगठित बाजार उपलब्ध कराने पुरे प्रदेश में सी-मार्ट स्टोर्स शुरू किए जा रहे है। महापौर ने महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना की और आर्थिक रूप से महिला समूहों को सक्षम बनाने में सी-मार्ट स्टोर को अत्यधिक उपयोगी बताया। इस दौरान उन्होनें महिलाओं से चर्चा कर उत्पादों के निर्माण व इससे हो रही आमदनी से उनके जीवन में आ रहे बदलाव की भी विस्तार से जानकारी ली। महापौर श्री ढेबर एवं सभापति श्री दुबे ने सी-मार्ट स्टोर में महिला समूहों द्वारा निर्मित लगभग 50 हजार रूपये के उत्पाद भी ऋय किए। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सर्वसुविधायुक्त विक्रय केन्द्र सुलभ होने से उनके उत्पादों के विक्रय में तेजी आएगी और समूह से जुड़ी महिलाओं के आर्थिक स्तर में अब तेजी से बदलाव आएगा। सी-मार्ट स्टोर में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, माटी कला, हथकरघा, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, वन-धन-संजीवनी, बैम्बू आर्ट,, शबरी एम्पोरियम के उत्पादों को भी एक छत के नीचे विक्रय हेतु उपलब्ध कराया गया है।

नेताजी सुभाष स्टेडियम में शुरू हुए जिले के पहले सी-मार्ट स्टोर में महिला समूहों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के हर्बल साबून, आचार, मसाले, मुर्रा, दोना-पत्तल, काजु, विभिन्न प्रकार के शर्बत, देवभोग के डेयरी प्रोडक्ट, कोरिया की हर्बल चाय, लेमन ग्रास चाय, विभिन्न एशेन्शियल ऑइल से लेकर डिशवॉशर, टायलेट-फ्लोर क्लीनर, मशरूम पॉउडर, शहद, तेल-गुड़ भी लोगों के लिए उपलब्ध है। इस सी-मार्ट से हेण्डलूम पर बने गमछे और अन्य आकर्षक सूती कपड़े भी खरीदे जा सकते है। छत्तीसगढ़ के वनांचलों से इक्कठी की गई अच्छी क्वालिटी की जड़ीबुटियां और चुर्ण भी यहां उपलब्ध है।

जिग्नेश मेवाणी की गिरफ्तारी भाजपा मोदी का अलोकतांत्रिक तानाशाही : मरकाम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी की गिरफ्तारी और उनकी जमानत याचिका को खारिज किये जाने को अलोकतांत्रिक और भाजपा का तानाशाही चरित्र बताया है। सिर्फ सोशल मीडिया में मोदी के विरुद्ध एक ट्वीट इतना संगीन अपराध हो गया कि एक जनप्रतिनिधि की स्वतंत्रता को छीन लिया गया।

गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी की जमानत याचिका खारिज कर दी गई और उन्हें 3 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। उनके ट्वीट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही तथाकथित आपराधिक साजिश का संकेत देने का एक सबूतों का एक और बंद लिफाफा पुलिस ने अदालत में पेश किया। इस सामग्री के आधार पर उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई। ऐसा प्रतीत होता है कि उस पर यूएपीए या किसी अन्य गैर जमानती के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा और मोदी अपनी आलोचना को सहने के लोकतांत्रिक चरित्र को खो चुके है।संघ की शाखाओं में सिखाया जाने वाला फासीवादी पाठ को भाजपाई सत्ताधीश संवैधानिक पदों पर बैठने के बाद भी भूल नहीं पा रहे है। प्रजातंत्र में आलोचना विपक्ष का धर्म और हथियार है। भाजपाई अपने बहुमत के अतिवादी चरित्र के कारण विपक्ष को कमजोर करने के लिए कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं।

रिहाई की मांग को लेकर कांग्रेस सभी जिलों में सौंपेगी राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

कांग्रेस पार्टी के सहयोगी और गुजरात से विधायक जिग्नेश मेवाणी की जमानत याचिका खारिज कर उन्हें 3 दिन की पुलिस हिरासत में भेजे जाने के खिलाफ प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में कांग्रेस पार्टी संगठन द्वारा राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया है। गुजरात के दलित नेता को ट्वीट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल में बंद किया गया वह देश के लोकतंत्र के लिये घातक है कांग्रेस इस अलोकतांत्रिक कृत्य की निन्दा करती है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा दलित नेता जिग्नेश मेवाणी को तत्काल रिहा किये जाने की मांग करते हुये सभी जिलों में जिलाधीश के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा जायेगा

सार्वजनिक आयोजनों के लिए अनिवार्य रूप से लेनी होगी जिला प्रशासन की अनुमति

गृह विभाग ने परिपत्र जारी कर निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में कानून-व्यवस्था तथा शांति बनाए रखने के लिए सार्वजनिक कार्यक्रमों और आयोजनों के लिए जिला प्रशासन की अनुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त करनी होगी। इसके लिए गृह विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने परिपत्र जारी किया है। कलेक्टर पीएस एल्मा ने उक्त पत्र के हवाला से निर्देशित किया है कि विभिन्न संस्थाओं अथवा संगठनों द्वारा बिना पूर्वानुमति आयोजन/प्रदर्शन किए जाने से आम नागरिकों के रोजमर्रा के कार्यों में बाधा पहुंचने और व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित होने से उत्पन्न कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए, अनुमति पश्चात ही ऐसे आयोजन किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

कलेक्टर ने जारी परिपत्र में दिए गए निर्देशानुसार बताया है कि धरना, जुलूस, सभा, रैली या अन्य आयोजन की अनुमति के लिए जिला दण्डाधिकारी को निर्धारित आवेदन प्रपत्र भरकर प्रस्तुत करना होगा, जिसमें आयोजक व्यक्ति या संस्था का नाम, आयोजन अथवा प्रदर्शन का स्वरूप (धरना, रैली, धरना पश्चात ज्ञापन, धरना पश्चात रैली पश्चात ज्ञापन और अन्य विवरण), प्रदर्शन का दिनांक व समय सीमा, आयोजन-प्रदर्शन का स्थल, यदि रैली आयोजित हो रही है तो कहां से कहां तक (रूट चार्ट सहित), आयोजन का उद्देश्य, आयोजन-प्रदर्शन में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अनुमानित संख्या, इस दौरान उपयोग होने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों की जानकारी, आयोजन-प्रदर्शन में शामिल होने वाले लोगों की संख्या तथा वाहनों की अनुमानित संख्या आदि की विस्तृत जानकारी का प्रपत्र में उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

इसके अलावा जारी प्रपत्र में आयोजन में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को अनुमति पत्र की समस्त शर्तों के पालन करने के निर्देश हैं। आयोजन में शामिल होने वाला व्यक्ति जिला प्रशासन और पुलिस बल का पूरा सहयोग करेगा। आयोजन के मार्ग और स्थल पर कानून-व्यवस्था और शांति पूरी तरह से बनाए रखी जाएगी। निर्धारित स्थल पर ही वाहनों की पार्किंग की जाएगी। आयोजन के दौरान आम जनता की सुविधा के लिए यातायात और सुरक्षा नियमों का पालन किया जाएगा। पूरे आयोजन की वीडियोग्राफी की जाएगी और रिकार्डिंग की एक प्रति, जुलूस-सभा के बाद दो दिनों की अवधि के भीतर संबंधित एसडीएम को प्रस्तुत करनी होगी। इसी तरह आयोजन में लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग जुलूस-सम्मेलन समय के दौरान प्रतिबंधित डेसिबल सीमा में किया जाएगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के संबंध में उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन आयोजकों के द्वारा आवश्यक रूप से किया जाएगा। यह स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया है कि अनुमति नहीं मिलने पर आयोजनकर्ता उक्त आयोजन नहीं सकेंगे और यदि किया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को किया पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन और राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहकारी संस्थाओं को पुरस्कृत किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्टेट कोआपरेटिव बैंक केटेगरी में ओवर ऑल परफोर्मेंस के लिए तमिलनाडु स्टेट अपेक्स कोऑपरेटिव बैंक चेन्नई को प्रथम, आंध्रप्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक विजयवाड़ा को द्वितीय और तेलंगाना स्टेट अपेक्स कोऑपरेटिव बैंक हैदराबाद को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर उन्होंने आंध्रप्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती एम. झांसीरानी और एमडी अपेक्स बैंक आंध्रप्रदेश डॉ.रेड्डी को विशेष पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री बैजनाथ चंद्राकर को सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके अलावा स्टेट कोऑपरेटिव बैंक ओवर ऑल परफोर्मेंस अवार्ड का प्रथम पुरस्कार केरल स्टेट कोऑपरेटिव बैंक तिरूवनन्तपुरम, द्वितीय पुरस्कार असाम कोऑपरेटिव अपेक्स बैंक गोहाटी और तृतीय पुरस्कार सिक्कीम स्टेट कोऑपरेटिव बैंक गंगटोक को दिया गया। डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक की कैटेगरी में बेस्ट परफोर्मेंस का प्रथम पुरस्कार संयुक्त रूप से करीम नगर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव सेंट्रल बैंक तेलंगाना और कर्नाटका सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक धारवाड, द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से अहमदाबाद डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक गुजरात और श्री राजकोट डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक गुजरात और तृतीय पुरस्कार सालेम डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक तमिलनाडु को प्रदाय किया गया।

प्रायमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसायटी क्षेत्र में सुभाष यादव अवार्ड का प्रथम पुरस्कार एमएम 137 अलावायल प्रायमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव क्रेडीट सोसायटी पुडुकोट्टी तमिलनाडु को प्रदान किया गया। नेफस्कॉब अवार्ड प्रायमरी एग्रीकल्चर क्रेडीट सोसायटी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से संधोल एग्री सर्विस कोऑपरेटिव सोसायटी हिमाचल प्रदेश और तिमिरी सर्विस कोऑपरेटिव बैंक केरल और तृतीय पुरस्कार चोप्पाडांडी करीम नगर तेलंगाना को प्रदान किया गया। एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव ट्रेनिंग सेंटर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार हिमाचल प्रदेश, द्वितीय पुरस्कार पंजाब और तृतीय पुरस्कार तेलंगाना को प्रदान किया गया।

स्कूल शिक्षा मंत्री टेकाम द्वारा उर्दू शायरों, नातगों एवं मरहुम शायरों की बेवाओं को 3 लाख 60 हजार रूपए की सहायता राशि दी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुसार पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम के निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी द्वारा शायरों, नातगों एवं मरहुम शायरों की बेवाओं को इमदाद एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मंत्री डॉ. टेकाम ने कार्यक्रम में राज्य के 32 उर्दू शायरों, नातगों एवं 4 दिवंगत शायरों की विधवाओं (बेवाओं) को 3 लाख 60 हजार रूपए का चेक और प्रमाण पत्र वितरित किया। प्रति शायरों को 10 हजार रूपए का चेक का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग महेन्द्र सिंह छाबड़ा, सचिव उर्दू अकादमी एमआर खान भी उपस्थित थे।

उर्दू अकादमी के सचिव एमआर खान ने बताया कि इस तरह का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। सरकार द्वारा राज्य के जरूरतमंद और असहाय फनकारों की सहायता की जाती है। मंत्री डॉ. टेकाम द्वारा कार्यक्रम में जिन शायरों, नातगों और शायरों की बेवाओं को चेक एवं सम्मान प्रदान किया गया है, उनमें शायर सर्वश्री सफ्दर अली, मो.इरतिका हैदरी हबीब खान, मो.शरीफअंसारी बिलासपुर, हसन जफर, आबिद बेग, रमेश्वर शर्मा, मोहसिन अली, काविश हैदरी, कैफ अब्बास, रहबर अली, मुस्ताक खान, जिल्ले हसनैन, मुनीरुल हसन, अलमदार अली, सिकंदर हुसैन, हसन असगर आदि शामिल हैं। इसी प्रकार मरहुम शायरों की बेवाओं में-श्रीमती खतीजा बानो पति स्वर्गीय सखावत अली, श्रीमती शबाना बानो पति स्वर्गीय नादे अली, श्रीमती शाहिदा बानो पति स्वर्गीय तवंगर अली, श्रीमती तनवीर फातिमा पति स्वर्गीय रजा हैदरी को सहायता राशि का चेक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

नगरीय निकायों में पौनी-पसारी के लिए 72.83 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों के असंगठित क्षेत्र के परम्परागत व्यवसाय करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को कौशल उन्नयन उपरांत सघन शहरी क्षेत्रों में परम्परागत व्यवसायों में मिट्टी के बर्तन, कपड़े धुलाई, जूते-चप्पल, लकड़ी से संबंधित,सब्जी-भाजी, कपड़ों की बुनाई, सिलाई, मूर्तियां बनाना, फूलों के व्यवसाय, पूजन सामग्री, बांस से बने सामान, दोना पत्तल, चटाई तैयार करना, आभूषण एवं सौन्दर्य सामग्री सहित अन्य परम्परागत व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों को रियायती दर पर चबूतरा उपलब्ध कराया जाता है। प्रदेश में करीब 261 पौनी-पसारी को परियोजनाओं के लिए 72 करोड़ 83 लाख रूपए स्वीकृत किए गए है।

केएफसी ने अपने मैच डे स्पेशल के साथ मैच देखने के आनंद को और भी बेहतर बनाया

केएफसी के सुपर 4 और सुपर 6 ऑफर्स का आनंद उठाएं और 29% तक की छूट का लाभ उठाएं

रायपुर/नवप्रदेश। जर्सी निकालो, अपने गैंग को बुलाओ और अपनी पसंदीदा टीमों को चीयर करने के लिए तैयार हो जाओ। केएफसी अपने सुपर4 और सुपर6 मैच डे स्पेशल ऑफर के साथ, आपके मैच देखने के अनुभव को अगले स्तर पर ले जाने का वादा करता है। सुपर4 और सुपर6 ऑफर, बकेट या मील विकल्पों के रूप में उपलब्ध हैं और इसमें आपका सबसे पसंदीदा हॉट एंड क्रिस्पी चिकन, चिकन स्ट्रिप्स और चिकन पॉपकॉर्न शामिल हैं।

जैसा कि नाम से पता चलता है, सुपर4 और सुपर6 बकेट के अंदर प्रत्येक में हॉट एंड क्रिस्पी और चिकन स्ट्रिप्स के 4 और 6 पीस के साथ आते हैं। अगर आपके साथ क्रिकेट देखने वाला गैंग और भी बड़ा हो जाता है, तो आप मील विकल्प चुन सकते हैं, जो अतिरिक्त चिकन पॉपकॉर्न, फ्राइज़ और पेप्सी के साथ आता है। इतना ही नहीं सभी चिकन लेग-पीस प्रेमियों के लिए ड्रीम टीम बकेट भी उपलब्ध है जिसमें 10 लेग पीस और 4 डिप्स शामिल हैं; और बिरयानी-प्रेमी हॉवज़ैट बिरयानी कॉम्बो का आनंद ले सकते हैं जो स्वादिष्ट पॉपकॉर्न चिकन बिरयानी बकेट, 2 ग्रेवी, 4 हॉट विंग्स और एक पेप्सी के साथ आता है। तो अब मैच डे स्पेशल के साथ आप अपनी पसंदीदा टीमों को केएफसी स्टाइल में चीयरकरने के लिए तैयार हो जाइए!

ये क्रिस्पी, कुरकुरे, मैच डे स्पेशल ऑफर केएफसी के 5X सेफ्टी प्रॉमिस ऑफ सेनिटाइजेशन, स्क्रीनिंग, सोशल डिस्टेंसिंग तथा वैक्सीनेटेड टीम्स के साथ कॉन्टैक्टलेस सर्विस द्वारा समर्थित हैं। रेस्तरां के अंदर जिन सतहों को बार-बार छुआ जाता है, उन सतहों को नियमित रूप से सैनिटाइज किया जाता है, इसके अलावा टीम के सदस्यों तथा आप तक उत्पाद पहुंचाने वाले डिलीवरी बॉय का भी तापमान नियमित रूप से जांचा जाता है।

छत्तीसगढ़ को मलेरिया के मामलों में कमी के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया सम्मानित

■ मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान से प्रदेश की एपीआई दर में बड़ी गिरावट, 2018 में 2.63 की तुलना में 2021 में 0.92

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व मलेरिया दिवस पर आज केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ को मलेरिया के मामलों में गिरावट के लिए सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में से एक है जो मलेरिया उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान और मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के असर से यहां एपीआई दर (Annual Parasite Incidence) यानि प्रति एक हजार की आबादी में सालाना मिलने वाले मलेरिया के मरीजों की संख्या) में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2018 में जहां प्रदेश की एपीआई 2.63 थी, वह 2021 में घटकर 0.92 पर पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही मितानिनों व मैदानी स्तर पर काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों में अभियान के अंतर्गत लोगों की मलेरिया जांच और उपचार उपलब्ध कराने में मैदानी अमले ने बेहद गंभीरता और सक्रियता से काम किया है। उनकी मेहनत से छत्तीसगढ़ को आज यह सम्मान मिला है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला और संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ. सुभाष मिश्रा ने नई दिल्ली में राज्य शासन की तरफ से यह सम्मान ग्रहण किया।

विश्व मलेरिया दिवस पर आज नई दिल्ली में हुआ सम्मान

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा जनवरी-फरवरी-2020 में बस्तर संभाग के सातों आकांक्षी जिलों में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का पहला चरण संचालित किया गया था। घर-घर जाकर पहले चरण में 14 लाख छह हजार, दूसरे चरण में 23 लाख 75 हजार, तीसरे चरण में 15 लाख 70 हजार, चौथे चरण में 19 लाख 98 हजार एवं पाँचवे चरण में 14 लाख 36 हजार लोगों की मलेरिया जांच की गई। इस दौरान पहले चरण में पॉजिटिव्ह पाए गए 64 हजार 646, दूसरे चरण में 30 हजार 076, तीसरे चरण में 16 हजार 148 , चौथे चरण में 11 हजार 363 एवं पांचवे चरण में 11 हजार 321 मलेरिया पीड़ितों का तत्काल उपचार शुरू किया गया। वर्ष 2016 में 26.78 एपीआई वाले बस्तर संभाग की एपीआई 2021 में घटकर 7.07 पर पहुंच गई है।

बस्तर संभाग में अभियान के अच्छे असर को देखते हुए मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत इसे प्रदेश के कुल 21 जिलों में विस्तारित किया गया है। अभियान के पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे एवं पांचवे चरण में मलेरिया पॉजिटिविटी दर क्रमशः 4.6 प्रतिशत, 1.27 प्रतिशत, 1.03 प्रतिशत, 0.56 और 0.79 प्रतिशत दर्ज की गई है। अभियान के प्रभाव से मलेरिया के मामलों में लगातार कमी आ रही है।

टाटा सफारी में गांजे की तस्करी, पकड़े गए 2 तस्कर

■ 60 किलोग्राम गांजा जब्त, बस्तर नगरनार पुलिस की कार्रवाई

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करते आ रही है। इसी कड़ी में आज अवैध गांजा तस्करी पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को एक बार पुनः सफलता मिली है । थाना नगरनार को सूचना प्राप्त हुआ था कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा कार में अवैध रूप से गांजा की तस्करी उडीसा से छत्तीसगढ की ओर किया जा रहा हैं ।

सूचना पर उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा एवं अति. पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नगरनार बुधराम नाग के नेतृत्व में सउनि.बलबीर सिंह, प्र.आर. अहिलेश नाग, आरक्षक लम्बोदर कश्यप, जगन्नाथ नाग आदि की टीम गठित कर कार्यवाही हेतु धनपुंजी चेक पोस्ट की ओर रवाना किया गया था । उक्त टीम के द्वारा धनपुंजी चेक पोस्ट में वाहनों की चेकिंग की जा रही थी इस दौरान टाटा सफारी कार क्रमांक यूपी-13-ए.ए.-3400 को संदेह के आधार पर दो व्यक्ति मिले जिनसे पूछताछ करने पर अपना पवन कुमार राजपूत एवं नरेन्द्र कुमार निवासी उत्तरप्रदेश का होना बताया गया । तलाशी के दौरान टाटा सफारी कार के डेस बोर्ड और चेम्बर बाक्स में कुल 60 किलोग्राम गांजा मिला । जिसके संबंध में पूछताछ करने पर इनके द्वारा वैधानिक प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपियों का उक्त कृत्य एन.डी.पी.एस. एक्ट की परिधी में आने पर आरोपी के विरूद्ध थाना नगरनार में 20(ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 60 किलोग्राम गांजा, टाटा सफारी कार क्रमांक यूपी-13-ए.ए.-3400, मोबाईल 2 नग, नगद 2200/-रूपये को जप्त किया गया है । आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेज दिया गया हैं।

अवैध शराब के साथ 2 पकड़े गए

किरन्दुल /नवप्रदेश। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ

तिवारी, अति. पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरंदुल कर्ण कुमार उईके के निर्देश पर थाना प्रभारी किरन्दुल जितेन्द्र ताम्रकर के द्वारा किरन्दुल थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कलामदीन वोरा कैंप किरंदुल निवासी और दूसरा धनुर्जय हरिजन सिंगारपुर कैंप, वार्ड नंबर 17 किरंदुल के पास से कुल 34 नग अंग्रेजी शराब का पौवा कीमती लगभग 5000/- रू. जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया.

इस विषय में हम से चर्चा करते हुए किरंदुल थाना प्रभारी जितेंद्र ताम्रकार ने बताया कि हमें इसकी सूचना जैसे ही मिली तत्काल हमारी टीम पहुंचकर इन लोगों पर दबिश कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई यदि नगर में और भी जगह अंग्रेजी शराब बिक रही है तो हमें जैसे ही सूचना मिलती है उन सभी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी ।

सर्व आदिवासी समाज करेगा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध

■ 20 सूत्रीय मांगों को लेकर अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई, नाराज हुए समाज के पदाधिकारी

सुकमा/नवप्रदेश। रविवार को सर्व आदिवासी समाज सुकमा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया, बैठक में 20 सूत्रीय मांगों को लेकर 22 मार्च को हुई कलेक्टर घेराव महारैली के संबंध में चर्चा की गई। सर्व आदिवासी समाज खेद व्यक्त करते हुए कहा कि 1 महीना बीत चुका है और प्रदेश के मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री के द्वारा आश्वासन देने के बाद भी आज तक एक भी मांग पूरा नही हुआ है, सर्व आदिवासी समाज सुकमा इसका घोर निंदा करता है, बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सुकमा जिले में मुख्यमंत्री का प्रवास कार्यक्रम है, जिसका सर्व आदिवासी समाज पुरजोर विरोध करेगा। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष पोज्जा मरकाम, कोया कुटमा ब्लॉक अध्यक्ष संजय सोड़ी, गणेश माड़वी, आयता मंडावी, उमेश सुंडाम, लच्छू नाग, जिला अध्यक्ष हल्बा समाज रतन प्रधानी, हरिराम कश्यप व सर्व आदिवासी समाज पदाधिकारी एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

> 20 सूत्रीय मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री के सामने रखा गया, उनके द्वारा आश्वासन दिया गया, लेकिन 1 महीना बीत चुका है और 1 भी मांग पूरा नही हुआ है। सर्व आदिवासी समाज सुकमा इसका घोर निंदा करता है, उन्होंने कहा कि यदि हमारे मांगे पूरी नही होती है तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।
>
> **पोज्जा मरकाम**, जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, सुकमा

मनरेगाकर्मियों का हड़ताल जारी, कामकाज ठप, पलायन कर रहे मजदूर

सुकमा/नवप्रदेश । 04 अप्रैल से प्रदेशभर में अपने दो सूत्रियों मांगो को लेकर सरकार के खिलाफ मनरेगाकर्मी हड़ताल पर हैं। बता दे की सुकमा में नियमितीकरण व वेतनमान निर्धारण के दो सूत्रीय मांगो को लेकर 04 अप्रैल से मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। बीते 20 दिनों से मनरेगा कर्मी तरह तरह गतिविधियों से सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान आज सुकमा मनरेगा कर्मी संघ सुकमा में राजीव गांधी कांग्रेस भवन का घेराव कर भूपेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले 14 मार्च को जिला स्तरीय एक दिवसीय सांकेतिक रैली व धरना प्रदर्शन किया गया था। मनरेगा कर्मचारी महासंघ को प्रदेश सरकार की तरफ से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं मिला।जिसके बाद पूरे राज्य में मनरेगा कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।मनरेगा कर्मियों के हड़ताल में जाने से जिला प्रशासनिक स्तर पर कार्य प्रभावित होता दिख रहा हैं। जिसका प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों पर भी पड़ रहा हैं। जॉब कार्ड धारक पंजीकृत मजदूर काम के अभाव में रोजगार के लिए दूसरे

प्रदेश की ओर पलायन कर रहे हैं।

> सरकार हमारी दो सूत्रीय मांगों को लेकर चुनावी घोषणा पत्र में पूरा करने का वादा किया था।लेकिन आज पर्यन्त तक सरकार के तरफ से मनरेगा कर्मियों के लिए कोई मांग पूरी नहीं की गई। ऐसे में जब तक सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती तब तक सरकार के खिलाफ हमारा आंदोलन जारी रहेगा। आगामी समय में सुकमा में सीएम प्रवास में भी संघ के तरफसे प्रदर्शन किया जाएगा।
>
> **जीतन सिंह** - मनरेगा कर्मचारी संघ

बंगले के पीछे खुले में बहता गंदा बदबूदार पानी

■ शिक्षक कॉलोनी में निवासरत लोगो के लिए बना परेशानी का सबब

■ विधायक के शौचालय से वार्डवासी परेशान

बीजापुर/नवप्रदेश। लगातार तीसरी बार छग को देश का सबसे स्वच्छतम राज्य का अवॉर्ड मिला है। राष्ट्रपति के हाथों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह पुरस्कार ग्रहण कर राज्य का मान बढ़ाया है। वही जिलामुख्यालय में आबादी के बीच स्थित विधायक बंगले के शौचालय से निकलने वाला गंदा पानी स्वछता अभियान को चिढ़ाने का काम कर रहा है। बंगले के पीछे खुले में बहता गंदा बदबूदार पानी से पिछे शिक्षक कॉलोनी में निवासरत लोगो के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बंगले से निकलने वाले पानी के लिए कोई नाली निर्माण नही किया गया है और न कोई पाइप लगी है।

पानी के निकासी के लिए शिक्षक कॉलोनी में बने सीसी सड़क को बीच मे खोदकर पानी बहा दिया जता है वह गंदा बदबूदार पानी सड़क से होते हुए शिक्षक कॉलोनी में बने मकानों के सामने से बहता है सड़क के खोदने से आने जाने एवं वह रहने वाले लोगो को बहुत परेशानी हो रही है। वह के लोगो का किसी भी समय घरों से बाहर बैठना मुश्किल हो गया है। खुले में बहते पानी की बदबू और मच्छरों से होने वाले बीमारी के भय से लोग भयभीत है। वही विधायक बंगले के एक ओर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं दुसरी ओर सरस्वती शिक्षा मंदिर संचालित है। जहाँ सौकड़ों बच्चे पढ़ाई करते है, इन्हें भी नजरअंदाज नही किया जा सकता। कॉलोनी के लोगो के अनुसार इसकी सूचना कई दफे बंगले में दी गई पर यहाँ अब तक नाली निर्माण या किसी पाईप द्वारा सुरक्षित किसी अन्य नली में नही जोड़ा गया। देश में स्वछता को लेकर कई तरह से लोगो मे जागरूकता लाने की कोशिश की जा रही है पर यहाँ देश का सबसे स्वच्छतम राज्य का अवॉर्ड लेने वाले सरकार के विधायक के बंगले से निकले वाला गन्दपानी खुले बहते हुए कुछ और ही बया कर रहा है ।

सोलह प्रहरी नाम यज्ञ में शामिल हुए विधायक नायक

रायगढ/नवप्रदेश। विधायक प्रकाश नायक ने रविवार को पूर्वांचल रायगढ़ के ग्राम बेलरिया व बनोरा में आयोजित सोलह प्रहरी नाम यज्ञ में शरीक हुए।उन्होंने इस मौके पर विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान से ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।यहाँ आयोजित कार्यक्रम में पहुँचकर रायगढ़ विधायक ने सभी ग्रामवासियों का उत्साह बढ़ाया। इन दिनों अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गाँव में चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों में विधायक प्रकाश नायक बखूबी पहुँचकर लोगों का उत्साह बढ़ा रहे है।चाहे अष्ट प्रहरी या सोलह प्रहरी धार्मिक सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा ले रहे है।अपने बीच विधायक को पाकर ग्रामीणों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है।रविवार को भी पुसौर व पूर्वांचल रायगढ़ क्षेत्र के विभिन्न गाँव में ऐसा ही नजारा देखने को मिला।धार्मिक कार्यक्रमों में पहुँचकर विधायक ने आयोजन समिति सहित सभी ग्रामवासियों को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी।

सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

मुंगेली/नवप्रदेश। सेंट जेवियर्स स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। आने वाली पीढ़ी है प्यारी, तो पृथ्वी को बचाना है हमारी जिम्मेदारी। पृथ्वी है हम सब का घर, इसकी सुरक्षा है हम सब पर निर्भर। उक्त बातों को आधार बनाकर सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। जिसके तहत विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को पृथ्वीध्धरती को सुरक्षित रखने हेतु विविध प्रकार की जानकारियां प्रदान की गई। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रकार की वेशभूषा, नारे, पोस्टर, निबंध आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में तैयार किए गए थे। विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी को बचाने हेतु एक छोटा सा लघु नाटक भी प्रार्थना सभा में सभी विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एवं सह प्राचार्य द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर आवश्यक एवं रोचक जानकारियां विद्यार्थियों को प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई। जिससे कि विद्यार्थियों की रुचि व जिम्मेदारी अपनी धराध्पृथ्वी के प्रति जागृत हो।

23 से 27 अप्रैल तक एक्यूप्रेशर शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। सतनाम कल्याण समिति द्वारा गुरूद्वारा गुरूगद्दी मंदिर परिसर खैरा सेतगंगा में 23 से 27 अप्रैल तक 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर व फिजियोथेरेपी शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में ब्लड प्रेशर, कमर दर्द, हाथों एवं पैरों का शून्य रहना, शुगर, साइटिका दर्द, जोड़ों का दर्द, थायराइड, पुराना सिरदर्द, लकवा, नींद न आना, गैस, कब्ज, घुटना दर्द, सर्वाइकल दर्द, मोटापे का ईलाज किया जा रहा है। थैरेपिस्ट के रूप में डॉ. आरआर पवार एवं डॉ. एसए राणा अपनी सेवाएं दे रहे है।

पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा में 2541 परीक्षार्थी हुए शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा हेतु 2 हजार 5 सौ 41 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 494 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थी गर्मी में परेशान होते रहे। कुछ सेंटरों में पर्याप्त मात्रा में पंखे एवं पानी की उपलब्धता नही रहने से परीक्षार्थी हलाकान रहे।

पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा हेतु जिले में 11 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें 3035 परीक्षार्थियों में से 2541 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 494 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल 2541 लोगों ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा में सामान्य ज्ञान, कम्प्यूटर, तर्कशक्ति, गणित, प्रदेश सरकार की योजनाएं नरवा, गरूवा, घुरूवा, बारी के बारे में प्रश्न थे। गणित में समय अधिक लगने से परीक्षार्थी पूरे समय तक क्लास में बैठे रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

किसान नेता टिकैत...

है, लेकिन अब तक कोई रास्ता नहीं निकल पाया है। प्रदेश सरकार 8 में से 6 मांगों को पूरा करने की बात कहती है, लेकिन किसान इसे छलावा बताते हुए अब भी आंदोलन पर डटे हुए हैं। किसानों ने कह दिया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी। वे आंदोलन से नहीं हटेंगे। किसान इससे पहले किसान दो बार मंत्रालय जाने निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। 11 मार्च को एक किसान सियाराम पटेल की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। समिति के अध्यक्ष रूपन चंद्राकर इससे पहले सीएम भूपेश बघेल को अपनी मांगों से अवगत करा चुके हैं। मंत्री शिव डहरिया, मंत्री रविंद्र चौबे की उपस्थिति में कई दौर की बैठक भी हो चुकी है।

महापंचायत की रणनीति बनाने में जुटे किसान

अध्यक्ष रूपन चंद्राकर ने कहा कि जिला प्रशासन ने किसान आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया है, जिससे किसानों में आक्रोश है। मांग पूरी होने तक किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं। कयाबांधा के बगीचे में ही सभी ग्रामीणों की एक पंचायत बुलाई गई है। इस पंचायत में आंदोलन की रणनीति और दिशा तय की जाएगी। अपनी 8 मांगों को लेकर किसानों का यह आंदोलन जारी है। जिला प्रशासन और पुलिस के अमले ने सामान जब्त कर लिया और किसानों को एनआरडीए परिसर से हटा दिया। उन्होंने कहा कि किसान अपना हक लेकर रहेंगे। राकेश टिकैत के महापंचायत की तैयारी की जा रही है।

पीएम के खिलाफ...

बाद कोकराझार पुलिस स्टेशन के बाहर कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया था। पीएम मोदी के खिलाफ ट्वीट करने के मामले में मेवाणी के खिलाफ आईपीसी और आईटी अधिनियम की कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पालनपुर शहर से गिरफ्तार किया था।

जानकारी के मुताबिक मेवाणी ने अपने ट्वीट में दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी गोडसे को भगवान मानते हैं। मेवाणी को पुलिस गुवाहाटी के रास्ते कोकराझार ले गई और न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। उन्हें तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया था।

सेना पर खर्च के ...

बनने के लिए भारत अब हथियारों के निर्माण में बड़ा खर्च कर रहा है।

सेना पर खर्च के मामले में अमेरिका और चीन अब भी पहले और दूसरे पायदान पर हैं। अमेरिका ने साल 2021 में सेना पर 801 अरब डॉलर खर्च किए जो कि 2020 के मुकाबले 1.4 फीसदी कम है। वहीं चीन ने 293 अरब डॉलर खर्च किए जो कि 2020 की तुलना में 4.7 प्रतिशत ज्यादा है। SIPRI के मुताबिक 2021 में सेना पर सबसे ज्यादा खर्च किया गया और यह आंकड़ा बढ़कर 2.1 ट्रिलियन पहुंच गया।

स्टॉकहोम इस्टिट्यूट ने एक बयान में कहा, 2021 में दुनिया में कुल सेना का खर्च 0.7 फीसदी बढ़ गया है। यह आंकड़ा 2113 पर पहुंच गया है। दुनिया में सेना पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाले पांच देश यूएस, भारत, अमेरिका, यूके और रूस हैं। ये पांच देश दुनियाभर का 62 फीसदी खर्च करते हैं। कोरोना के बावजूद सेना पर होने वाला खर्च कम नहीं हुआ है।

अनुच्छेद 370 पर ...

पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना है। चूंकि इन पर सुनवाई करने वाली मूल पीठ के कुछ न्यायाधीश सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लिहाजा उसे पुनर्गठित करना होगा।

गौरतलब है कि संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को प्रदत्त विशेष दर्जा खत्म करने और उसे दो केंद्र शासित प्रदेश में विभाजित करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले के खिलाफ करीब दो दर्जन याचिकाएं दायर की गई थीं।

'हाथ' छोड़ 'झाड़ू' ...

में जाट वोटों को रिझाने के लिए आप विजेंदर को अपने साथ लाने के लिए प्रयासरत है।

विजेंदर सिंह के पेशेवर करियर की बात करें तो उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंबिक में ओलंपिक ब्रॉन्ड मेडल जीता था। इसके अलावा उन्होंने एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। किसान आन्दोलन के खुले समर्थक रहे विजेंदर सिंह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं और तमाम मुद्दों पर अपनी खुलकर राय रखते हैं।

तमिलनाडु सरकार ने ...

विधायकों ने इस बिल का विरोध किया और इसके बाद एआईडीएमके के विधायकों ने भी सदन से वॉकआउट कर दिया। बता दें कि इससे पहले राज्य की विधानसभा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के विरोध में भी प्रस्ताव पारित किया गया था। हालांकि यह प्रस्ताव राज्यपाल और राष्ट्रपति की तरफ से खारिज कर दिए गए थे। बता दें कि यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट का भी राज्य सरकार ने विरोध किया। जबसे राज्य में एमके स्टालिन की सरकार बनी है सरकार केंद्र सरकार की प्रणालियों को चुनौती देती रही है।

सन्ना में शीघ्र ही खुलेगी भारतीय स्टेट बैंक की शाखा

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ सांसद गोमती साय के प्रयास से शीघ्र ही सन्ना में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा खुलेगी। और जशपुर के पाठ क्षेत्र के लोगो को इसका लाभ प्राप्त होगा। सांसद साय ने कुछ दिनों पूर्व सन्ना क्षेत्र के लोगों की मांग पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक को सन्ना में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा खोलने के लिए पत्र लिखा था। जिस पर भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने संज्ञान लेकर बैंक खोलने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी। सन्ना में भारतीय स्टेट बैंक खोलने का रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से लाइसेंस जारी कर दिया गया है। श्रीमती साय ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के उच्च अधिकारी ने उन्हें दूरभाष पर जानकारी दी है कि आपके पत्रानुसार सन्ना में भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा का रिजर्व बैंक से लाइसेंस जारी हो गया है। अब शीघ्र ही सन्ना क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सन्ना क्षेत्र के निवासियों ने सांसद को दिया धन्यवाद जैसे ही सन्ना क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा खुलने का समाचार मिला, वैसे ही लोगों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई।

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र. /2022/ दिनांक 19.04.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	सेन्ट्रल स्टोर (सी.एस.ई.बी.चौक) से स्टेडियम चौक तक बीटी सड़क का निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा)	198.97	10.05.2022 (T.No. 97527)
2	स्टेडियम चौक से तुलसीनगर मोड़ तक बीटी सड़क निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा)	63.98	10.05.2022 (T.No.97529)
3	वार्ड क्र. 56 अंतर्गत शांति नगर बस्ती में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा)	30.00	10.05.2022 (T.No.97417)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेबसाईट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202102160100009/ अ-21/2020-21 ग्राम- चितालंका

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मिंसीबाई पति एम. कल्याण, जाति मेहत्तर, साकिन दंतेवाड़ा, तहसील दंतेवाड़ा के द्वारा कलेक्टर महोदय जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम चितालंका, पटवारी हल्का नं. 15, तहसील दंतेवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 334/2 रकबा 0.0040 हे. परिवर्तित भूमि में से 0.002 हे. एवं खसरा नंबर 335/2 रकबा 0.0040 हे. में से 0.002 हे. कुल खसरा 2 रकबा योग 0.004 हे. को क्रेता श्रीमती रत्ना दुबे पति आर.डी. दुबे जाति ब्राम्हण, साकिन दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा को विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहते हैं। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/04/2022 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 31/03/2022 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
दंतेवाड़ा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

देशभक्ति पर आधारित फिल्म में काम करेंगी सारा अली खान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान देशभक्ति पर आधारित फिल्म में काम करती नजर आयेंगी।

बॉलीवुड में चर्चा है कि सारा अली खान जल्द ही स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित फि ल्म में नजर आने वाली हैं। कानन अय्यर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सारा मुख्य भूमिका निभाती हुई दिखाई देंगी। इस फिल्म के महत्वपूर्ण हिस्से को शूट कर लिया गया है।

बताया जा रहा है कि देशभक्ति से प्रेरित इस फि ल्म का निर्माण करण जौहर के धर्मैटिक एंटटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है और यह फिल्म ओटीटी प्लेट फॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।



सनी देओल ने सूर्या की शूटिंग शुरू की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म सूर्या की शूटिंग शुरू कर दी है।

सन्नी देओल ने जयपुर में सूर्या की शूटिंग शुरू कर दी है। सन्नी ने इस फिल्म के सेट से अपनी एक फोटो भी साझा की। इस फोटो में सनी देओल सीढियों पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। फोटो में उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई नजर आ रही है। सनी देओल का लुक बेहद सिंपल और आकर्षक लग रहा है। फोटो शेयर करते हुए सनी ने कैप्शन में लिखा, ÷उसके पास सारी खुशियां थीं लेकिन फिर जीवन की यात्रा ने उसकी खुशियां छीन लीं। उसे घृणा, क्रोध और प्रतिशोध के साथ छोड़ दिया। लेकिन 'सूर्या' को एक मकसद मिल गया...।÷

सनी देओल की 'सूर्या' मलयालम फिल्म 'जोसेफ' की हिंदी रीमेक है। फिल्म का निर्देशन एम. पदमकुमार कर रहे हैं, उन्होंने मलयालम फिल्म को भी निर्देशित किया था।

खण्डवा आकर विवादों में घिरी फिल्म अभिनेत्री अमिषा पटेल

खण्डवा (वार्ता)। मध्यप्रदेश के खंडवा में फिल्म अभिनेत्री अमिषा पटेल एक कार्यक्रम में हिस्सेदारी को लेकर विवादों में आ गई है।

फि ल्म तारिका अमिषा पटेल के प्रशसंको में इस बात को लेकर नाराज़गी है कि लाखों रुपया लेकर वह यहां 23 अप्रैल को फिल्म स्टार नाईट में भाग लेने आई लेकिन मात्र पांच मिनट स्टेज करने के बाद प्रस्तुति देकर चली गई। इस कार्यक्रम से निराश लोगो ने पुलिस में अमिषा के खिलाफ एक शिकायती आवेदन दिया है जिसमें उनके विरुद्ध धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है।

इधर अमिषा पटेल ने इस मामले में ट्वीट करते हुए आयोजकों पर बहुत ख़राब इंतज़ाम का आरोप लगाते हुए कहा कि वहां मेरे जीवन को ख़तरा महसूस हुआ, खण्डवा पुलिस का धन्यवाद जिसने मुझे सुरक्षा दी।

फिल्म अभिनेत्री अमिषा पटेल खण्डवा के नवचंडी मेले में आयोजित फि ल्म स्टार नाईट में शामिल होने 23 अप्रैल की रात आई थी। कोरोना के प्रतिबंधों के चलते यह आयोजन दो वर्षो से नहीं हो पा रहा था। इस बार स्थितियां सामान्य होने के चलते लोगो में इस आयोजन को लेकर बहुत उत्साह था। यह शहर का प्रतिष्ठित मंच है। दो दशकों से देश के अनेक नामचीन कलाकार प्रस्तुति दे चुके है, जिसमे हेमामालिनी से लेकर मीनाक्षी शेषाद्रि तक कई कलाकारों ने यादगार प्रस्तुतियां दी है।

इस आयोजन को माँ नवचंडी देवीधाम के महंत बाबा गंगाराम निजी स्तर पर करते है जो शहर के तमाम दर्शको के लिए निःशुल्क होता है। इस बार के आयोजन के आकर्षण का केन्द्र फि ल्म अभिनेत्री अमिषा पटेल थी। जिनके प्रदर्शन से दर्शको में भारी निराशा हुई। वहीं समाजसेवी सुनील जैन ने कई दर्शको के साथ रविवार 24 अप्रैल को सिटी कोतवाली में आवेदन देकर अमीषा पटेल के विरुद्ध धोखधड़ी का अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की।

नेहा ने योग करते हुये तस्वीर शेयर की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया ने अपने बेटे के साथ योग करते हुए तस्वीर शेयर की है।

नेहा धूपिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपने से जुड़े फोटोज-वीडियोज शेयर करती रहती हैं। नेहा धूपिया ने अपने छोटे बेटे के साथ की तस्वीरें शेयर की हैं।

नेहा धूपिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से चार तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपने 6 महीने के बेटे के साथ योग करते हुए नजर आ रही हैं। जिस पोज में नेहा धूपिया हैं और उसी पोज में उनका बेटा दिखाई दे रहा है। इस तरह से वह अपने बेटे की फिटेनस का अभी से खयाल रख रही हैं। नेहा धूपिया की इन तस्वीरों पर फैंस के साथ ही करिश्मा कपूर, दीया मिर्जा, कैटरीना कैफ, सैफ अली खान की बहन सबा अली पटौदी समेत कई सिलेब्स ने कमेंट किया है।

राधिका मदान के साथ काम करेंगे अक्षय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार अभिनेत्री राधिका मदान के साथ काम करते नजर आयेंगे। अक्षय कुमार, राधिका मदान के साथ काम करने जा रहे हैं। यह फिल्म दक्षिण भारतीय फिल्म का हिंदी रीमेक है। अक्षय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नारियल तोड़ने की रस्म निभाते हुए राधिका मदान का एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के नाम के लिए लोगों से सुझाव भी मांगे हैं। यह फि ल्म सूर्या स्टारर वर्ष 2020 में प्रदर्शित तमिल फि ल्म 'सोरारई पोट्रु' का हिंदी रीमेक है।

न्यूज गैलरी

मौमा दास, शरत और सत्यन सेमीफाइनल में

शिलांग (वार्ता)। पांच बार की राष्ट्रीय चैंपियन मौमा दास ने यहां साई इंडोर स्टेडियम में आयोजित 83वीं सीनियर नेशनल और इंटर स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की अनुषा कुटुम्बले को रविवार रात 4-2 से मात देकर अपनी वापसी की और सेमीफाइनल में जगह बना ली जबकि पुरुष वर्ग में अचंत शरत कमल और जी. सत्यन भी अंतिम चार में पहुंच गए हैं। अनुभवी मौमा ने एक और युवा खिलाड़ी को अपना शिकार बनाया और अब उनका मुकाबला आपनी साथी खिलाड़ी रीथ रिश्या के साथ होगा। गौरतलब है कि रीथ रिश्या ने रेलवे की ताकेमे सरकार को 4-0 से शिकस्त दी। अन्य क्वार्टर फ ाईनल में श्रीजा अकुला ने स्वास्तिका घोष को 4-0 से मात दी जिसके बाद वह आरबीआई की अपने साथी अईहिका मुखर्जी के साथ मुकाबला करेंगी जिन्होंने मौमिता दत्ता को 4-1 से हराया।

राजस्थान को हराकर बंगाल सेमीफाइनल में

मलप्पुरम (वार्ता)। संतोष ट्रॉफी नेशनल फुटबॉल चैंम्पियनशिप में रविवार को कोट्टाप्पाडी स्टेडियम में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में बंगाल ने राजस्थान को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली । मैन ऑफद मैच रहे मोहम्मद फरदीन अली मुल्ला ने 48वें और 60वें मिनट में टीम के लिए दो गोल दागे जबकि सुजीत सिंह ने 81वें मिनट में तीसरा गोल किया। केरल ने 10 अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया है जबकि बंगाल नौ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली शाकिब को जगह

कोलम्बो (वार्ता)। निजी कारणों का हवाला देकर दक्षिण अफ्रीका सीरीज़ से नदारद रहने वाले बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। शाकिब श्रीलंका के खिलाफ खेले जाने वाली घरेलू सीरीज में बांग्लादेश की टीम का हिस्सा होंगे। 15 मई को चटगांव में होने वाले पहले टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम में चुना गया है। इसके साथ ही अनकैप्ड तेज गेंदबाज रेज़ाउर रहमान राजा का भी चयन किया गया है। वह पिछले साल पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच में भी 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा थे। शाकिब ने आखिरी बार सफेद कपड़ों में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था।

विदेशी पर्यटकों का फिर से भारत का रुख

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना काल में बुरी तरह प्रभावित पर्यटन क्षेत्र गत फरवरी में महामारी की तीसरी लहर के बाद इसका असर घटने के बाद विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) से फिर से सुधार की ओर बढ़ रहा है और इससे जुड़े उद्यमियों एवं व्यापारियों में उत्साह की लहर भी है।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2022 में एफ टीए बढ़कर 2.40 लाख रहा जोकि इससे पिछले महीने 2.01 लाख था।

एफ टीए में इजाफा स्थानीय टूर ऑपरेटरों और इससे जुड़े अन्य कारोबारियों के लिए बड़ी राहत है। दिसंबर 2021 में एफ टीए 3.03 लाख पर पहुंच गया था लेकिन इससे अगले कोरोना संक्रमण के डर के कारण इसमें गिरावट दर्ज की गयी।

विदेशी पर्यटकों के आगमन की संख्या अक्टूबर और नवंबर 2021 में क्रमशः 1.81 लाख और 2.51 लाख थी। एसटीआईसी ट्रैवल ग्रुप के चेयरमैन और कन्फेडरेशन ऑफ टूरिज्म प्रोफेशनल्स के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने यूनीवार्ता से कहा कि निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और ई वीजा की शुरुआत के बाद भारत में आने वाले पर्यटन में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि अगर स्थिति बरकरार रहती है और कोविड के कारण कोई रूकावट पैदा नहीं होती है तो हम 1.10 करोड़ का लक्ष्य छू लेंगे, बल्कि उसे भी पार कर जाएंगे। वर्ष 2019 में भारत ने करीब 30 अरब डालर की विदेशी मुद्रा कमायी थी। हम, वर्ष 2022-23 में 35 अरब डालर की कमायी करने की उम्मीद करते हैं।

उन्होंने कहा कि हालांकि नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फि र से शुरू करने और वीजा प्रतिबंधों में ढील के चलते आगामी महीनों में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है, सरकार घरेलू पर्यटन को पुनर्जीवित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक पर्यटन क्षेत्र में पुनरुद्धार बड़े पैमाने पर घरेलू पर्यटन द्वारा किए जाने के तथ्य को स्वीकार करते हुए 'देखो अपना देश' के विषय के तहत वेबिनार की एक श्रृंखला का आयोजन कर घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

ई-कॉमर्स कंपनियां कर रही है धारा 79 का गलत इस्तेमाल : कैट

नई दिल्ली (वार्ता)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 की धारा 79 और उसके नियमों के स्पष्टीकरण की मांग की।

कैट ने एक बयान में कहा कि इस धारा के अस्पष्ट होने से अमेजोन, फ्लिपकार्ट, ओला, उबर, जोमाटो सहित ऑनलाइन दवाई बेचने वाली ई-कॉमर्स कम्पनियां सभी तरह का गलत सामान बेचती हैं और अपने पोर्टल पर बिक रहे सामान या दी जा रही सेवाओं पर कोई जिम्मेदारी न लेते हुए धारा 79 का गलत सहारा लेते हुए सुरक्षा लेकर किसी भी कानूनी कार्रवाई से बच जाती हैं।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की आईटी ऐक्ट की धारा 79 में वो कम्पनियाँ जो विशुद्ध रूप माल अथवा सेवाएँ बेचने वाले या ख़रीदने वाले को मात्र ई कामर्स प्लेटफार्म ही उपलब्ध करती हैं और जिसमें उनका किसी भी प्रकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है, इन्हीं कंपनियों को धारा 79 के अंतर्गत किसी भी क़ानूनी करवाई से बचने की सुरक्षा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि यह एक सर्वविदित तथ्य है की ये सभी कम्पनियां कभी भी अपने पोर्टल के जरिए बेचे गए सामान अथवा दी गई सेवाओं के लिए ज़िम्मेदारी नहीं लेती हैं और धारा 79 के अंतर्गत अपने को केवल बिचोलिया कह कर अपना पल्ला झाड़ लेती हैं।

पेट्रोल-डीजल की कीमतें 19वें दिन कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार को 19वें दिन भी जीवाश्म ईंधन की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं किया। बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल के दामों में स्थिरता आम जनता के बीच राहत की बात है।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तले विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार, दाम में टिकाव की वजह से आज दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

यूक्रेन में चल रहे रूस के सैन्य अभियान के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है।

अंतराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल की कीमतों में दो प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गयी। लंदन ब्रेंट क्रूड 2.91 प्रतिशत गिरकर 103.55 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.05 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं।

धीमे ओवर रेट के लिए राहुल पर जुर्माना

मुम्बई (वार्ता)। लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2022 में मुंबई इंडियंस को रविवार को 36 रन से हराकर सीजन की अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। हालांकि इस जीत के बावजूद लखनऊ की टीम को तगड़ा झटका लगा है और उसके कप्तान केएल राहुल पर मैच में निर्धारित समय से कम ओवर फेंकने (स्लो ओवर रेट) को लेकर जुर्माना लगाया है। स्लो ओवर रेट को लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स का इस सीजन में यह दूसरा अपराध था। इसके लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल पर 24 लाख रुपये का जबकि प्लेइंग इलेवन में शामिल बाकी अन्य खिलाड़ियों पर छह-छह लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत, जोभी कम हो, का जुर्माना लगाया गया है। इस सीजन में दूसरी बार राहुल पर जुर्माना लगने के बाद अब उन पर बैन होने का खतरा मंडराने लगा है। राहुल ने इस मैच में 103 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली थी।

कांडला बंदरगाह हेरोइन मामले में आयातक गिरफ्तार

नई दिल्ली (वार्ता)। गुजरात के कांडलाा बंदरगाह पर जिप्सम पाउडर के तौर पर आयात किये गये हेरोइन मामले में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने इसके आयातक को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार अब तक की छान-बीन के आधार पर डीआरआई ने उस आयातक को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया है और उसे 24 अप्रैल को अमृतसर के ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे डीआरआई की ट्रांजिट रिमांड दे दी, ताकि अधिकारी भुज के सक्षम न्यायालय में आयातक को पेश कर सकें। गुजरात एटीएस के अधिकारियों के साथ मिलकर खुफिया जानकारी हासिल करने के बाद राजस्व आसूचना निदेशालय के अधिकारियों ने एक कंसाइनमेंट की जांच की। इसे उत्तराखंड की एक फर्म ने कांडला बंदरगार पर आयात किया था। यह कनसाइनमेंट ईरान के बंदर अब्बास गोदी से कांडला बंदरगाह पहुंचा था। कंसाइनमेंट में 17 कंटेनर (10,318 बैग) शामिल थे, जिनका कुल वजन 394 मीट्रिक टन था। इसे ÷जिप्सम पाउडर÷ बताकर आयात किया गया था। अब तक 205.6 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी गैर-कानूनी बाजारी कीमत 1439 करोड़ रुपये आंकी गई है।

हमारी बल्लेबाजी में गहराई है जिससे मुझे काफी मदद मिली : राहुल

मुम्बई (वार्ता)। केएल राहुल ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद कहा कि उनकी टीम की बल्लेबाजी में काफी गहराई है जिससे उन्हें फॉर्म में लौटने में मदद मिली। राहुल ने मैच के बाद वानखेड़े पर अपने दो लगातार डक के बारे में बात करते हुए कहा, मैं बल्लेबाज़ी करते वक्त सबसे पहले गेंद के बल्ले पर आने और सिंगल लेकर खाता खोलने बारे में सोच रहा था। मानसिक तौर पर मजबूत होने के बावजूद आपके ज़हन में यह चलते रहता है, वह भी तब हाल ही में कोई वेन्यू आपके प्रति दयालु न रहा हो। राहुल ने कहा उनकी नई फ़्रेंचाइज़ी की बल्लेबाज़ी में गहराई है और इसने उनकी खेल में काफ़ी मदद की है। राहुल ने कहा, मैं पिच और परिस्थितियों को देखकर बल्लेबाज़ी करने की कोशिश करता हूं, लेकिन इस टीम की बल्लेबाज़ी में काफी गहराई है। जेसन होल्डर बाद में बल्लेबाज़ी करने आते हैं। बल्लेबाज़ी में ऐसी ताकत और गहराई होने के कारण आप आज़ादी से खेल सकते हैं।

आईपीएल क्रिकेट | जोफरा आर्चर पर नीलामी में किए गए खर्च पर लगातार चर्चा हो रही

हमारा कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल पा रहा: रोहित शर्मा

मुम्बई (वार्ता)। इस सीज़न मुंबई इंडियंस की शर्मनाक शुरुआत को अमूमन नीलामी के दौरान उनकी रणनीति से जोड़ा जा रहा है। ख़ास तौर पर जोफ़्रा आर्चर पर नीलामी में किए गए खर्च पर लगातार चर्चा हो रही है। जोफ़्रा आर्चर मुंबई इंडियंस के लिए 2023 या उसके बाद के सीज़न में कमाल दिखा सकते हैं, लेकिन आईपीएल के इस संस्करण में उनकी गेंदबाज़ी जसप्रीत बुमराह पर ज़रूरत से ज़्यादा निर्भर हो गई है।

हालांकि रविवार को मुंबई के गेंदबाज़ों ने लखनऊ सुपर जायंट्स को एक कम स्कोर पर रोक कर बुमराह पर अत्याधिक निर्भरता के सिलसिले को समाप्त किया। केएल राहुल के शतक के अलावा लखनऊ के अन्य बल्लेबाज़ 58 गेंदों में सिर्फ़ 56 रन ही बना पाए। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल नहीं था, लेकिन इसके बावजूद आख़िरी ओवर डाले जाने से पहले ही मुंबई इंडियंस मैच से बाहर हो चुकी थी। मुंबई इंडियंस ऐसी परिस्थिति में पहुंच गई कि अंतिम ओवर में उसके हाथ में पांच विकेट बचे हुए थे, लेकिन जीत के लिए 39 रनों की दरकार थी। क्रुणाल पंड्या ने अंतिम ओवर में दो विकेट और एक रन आउट के ज़रिए मुंबई को लक्ष्य से 36 रन दूर पर ही रोक दिया।इशान किशन का बल्लेबाज़ी के दौरान जूझना, कीरोन पोलार्ड का फुलर गेंदों के अलावा अन्य गेंदों को हिट न कर पाना, कप्तान रोहित शर्मा का एक ख़राब गेंद पर अपना विकेट गंवा देना इस मैच के हाईलाइट्स रहें। मैच के बाद रोहित शर्मा ने सीधे तौर पर इस हार के लिए टीम की बल्लेबाज़ी को दोषी ठहराया। रोहित ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत करते हुए कहा, ÷जब आप एक ऐसे लक्ष्य का पीछा कर रहे हों, तो साझेदारियों का बनना ज़रूरी होता है, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। कुछ गैरज़िम्मेदाराना शॉट की वजह से हमें वह मोमेंटम नहीं मिल पाया। बल्लेबाज़ों के बीच आत्मविश्वास की कमी के संबंध में रोहित ने कहा, ÷आप ऐसा कह सकते हैं। टूर्नामेंट में अब तक हमने उम्मीद से काफ़ी ख़राब बल्लेबाज़ी की है। सब कुछ बल्लेबाज़ी पर ही जाता है। जो मैदान में नज़रें जमा लेता है, तब यह उसकी ज़िम्मेदारी है कि वह लंबी बल्लेबाज़ी करे। लेकिन हम इस टूर्नामेंट में ऐसा कर पाने में विफ़ल रहे। हमारा कोई भी बल्लेबाज़ लंबी पारी नहीं खेल पाया। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी परिस्थिति में एक व्यक्ति को लंबी बल्लेबाज़ी करनी होगी। रोहित की इस दलील को इस सीज़न में मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज़ों द्वारा निकले सिर्फ़ छह अर्धशतक मज़बूती प्रदान करते हैं। इन छह अर्धशतकों में से दो अर्धशतक अकेले इशान किशन के बल्ले से निकले हैं, लेकिन अन्य छह मुक़ाबलों में किशन ने 100 से भी कम के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

दिल्ली कैपिटल्स में मिली आजादी से मेरा प्रदर्शन बेहतर हुआ : कुलदीप

मुम्बई (वार्ता)। दिल्ली कैपिटल्स के चाइनामैन गेंदबाज़ कुलदीप यादव इस सीज़न दिल्ली के लिए बेहतरीन गेंदबाज़ी कर रहे हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स से रिलीज़ किए जाने के बाद कुलदीप यादव को इस साल नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने ख़रीदा। अब तक कुलदीप ने दिल्ली कैपिटल्स के फ़ैसले को बिल्कुल सही साबित किया है।वह इस सीज़न में अब तक 13 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। 28 अप्रैल को कुलदीप अपनी पुरानी फ़्रैंचाइज़ी कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना करने वाले हैं। इससे पहले उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के पॉडकास्ट में खुलकर अपने दिल की बात कही। कुलदीप ने दिल्ली कैपिटल्स के टीम प्रबंधन के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए कोच रिकी पोंटिंग, सहायक कोच शेन वॉटसन सहित तमाम लोगों की जमकर तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में खुद को व्यक्त करने की आज़ादी मिली है और उनके खेल में आए निखार के पीछे सबसे बड़ा कारण भी यही आज़ादी है। कुलदीप ने कहा, ÷जब आपको खुद को व्यक्त करने की आज़ादी मिलती है, तब आप हर चीज़ का आनंद लेने लगते हैं। जब मैंने दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने अभ्यास सत्र के दौरान मुख्य कोच रिकी पोंटिंग से बात की तो उन्होंने मुझसे कहा था कि मैं बहुत अच्छी गेंदबाज़ी कर रहा हूं और वह मुझे सभी 14 लीग मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते देखना चाहते हैं।

जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से थी आस, पर ग्रामीणों की नहीं बुझा सके प्यास!

रमेश निवाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ऐसे तो हमने भ्रष्टाचार के कई मामले कई अखबारों में कई विभागों के कई अधिकारियों के और कई नेताओं के पढ़ें एवं सुने हैं किंतु राजनांदगांव में पीएचई विभाग द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की बात ही कुछ और ही है। धीरी ईरा नल-जल योजना शायद जिले की पहली ऐसी योजना है जिसमें खुलकर भ्रष्टाचार हुआ है और यह पहली ऐसी योजना है जिसमें सरकार और विपक्ष दोनों ही पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी, विधायक, दर्जा प्राप्त मंत्री, वर्तमान सांसद, वर्तमान विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिपं सदस्य, जपं सदस्य एवं सरपंचों ने एक सुर में पीएचई विभाग के अधिकारीगण एसएन पांडे, ईश्वर दास वैष्णव, तारा वैष्णव के बारे में सभी बड़े विभागीय अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री तक को इस योजना में हुए भ्रष्टाचार से अवगत कराया, किंतु आज तक कोई जांच नहीं व कार्रवाई नहीं हुई। लगभग 28 करोड की लागत की तेरी हीरा नल जल योजना में हुए भारी भ्रष्टाचार के चलते कई गांव के ग्रामीण आज भी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और आज भी वह गांव प्यासा है। ग्रामीण अपनी प्यास बुझाने नेताओं व अधिकारियों के दफ्तरों में चक्कर लगा रहे हैं किंतु उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। पीएचई के अधिकारियों द्वारा गलत जगह इंटकवेल का निर्माण कराया गया बिना मापदंड के पाइप लाइन डाला गया इसका ज्वलंत उदाहरण ग्राम इंदा वाणी में डेढ़ फिट में पाइप का शिवम निम्न क्वालिटी के पाइप का पाया जाना था। नवप्रदेश द्वारा इस मामले को लेकर कार्यपालन अभियंता के साथ स्थल निरीक्षण किया गया था। जहां ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई। ग्रामीण अधिकारियों पर भारी नाराज भी हुए। नवप्रदेश द्वारा इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ ही एसी चेंबर में बैठे बड़े प्रशासनिक अफसरों के अलावा विभाग के आला अधिकारियों तक इस मामले में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत पहुंचाई गई, पर दुर्भाग्य है कि आज पर्यंत किसी के ऊपर कोई कार्रवाई तो दूर जांच तक करना जरूरी नहीं समझा गया। इससे स्पष्ट है कि भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने में प्रशासन ही लगा है। ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर विभाग द्वारा जांच टीम बनाई गई किंतु जांच टीम भी संबंधित अधिकारियों को बचाने में लगी है। सूत्रों की माने तो भ्रष्ट अधिकारियों को विभाग के बड़े अधिकारी एवं किसी बड़े नेता का आशीर्वाद प्राप्त है जिसके चलते आज भी जांच नहीं हो रही है और भ्रष्ट अधिकारी सीना चौड़ा करके मौज कर रहे हैं।

सांसद तक हुई शिकायत

भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टी के बड़े नेता सांसद तक के इस योजना में हुए भ्रष्टाचार के बारे में सभी जगह शिकायत की है। यदि इस योजना की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई भी जावे तो निश्चित तौर पर पीएचई के अधिकारियों पर रिकवरी के साथ-साथ एफआईआर तक हो सकती है। ग्राम बैगा टोला में बिना इंस्पेक्शन किए सामान्य पाइप बिछाया गया है जबकि पीएचई के नियमानुसार बिना जांच की कोई भी पाइप नहीं बिछाया जाता। इस संबंध में भी शिकायत की गई थी किंतु कोई कार्रवाई आज पर्यंत तक नहीं हुई।

पढ़े, ग्रामीणों की जुबानी

नवप्रदेश की टीम ने गांव के पंकज से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि अचानकपुर, भाटापारा, परमाल कसा में पानी एक टाइम ही आता है और वह भी मात्र 15 मिनट से आधे घंटे के लिए। ऐसे ही कनक दुबे ने बताया कि बिरेझर, मंगरलोटा में भी पानी की बहुत समस्या है और ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रही। इसकी शिकायत सब जगह की जा चुकी है परंतु आज तक कोई हल नहीं निकला। यही हाल इंदा वाणी , टेडेसरा एवं अन्य गांव का भी है।

सरकारी पैसे से मौज कर रहे अफसर

अधिकारी सरकार एवं सरकार के पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं एवं उनके नियमों का खुला उल्लंघन भी कर रहे हैं। पीएचई में अटैचमेंट का खेल भी बड़ी शिद्दत से खेला जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन ने अटैचमेंट खत्म कर दिया है किंतु कार्यपालन अभियंता द्वारा अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने और खुद के लाभ के लिए शासन के नियमों को दरकिनार कर अटैचमेंट का खेल आए दिन खेल रहे। इस संबंध में ही कई समाचार पत्रों के द्वारा स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाया गया किंतु आशीर्वाद प्राप्त होने की वजह से ही कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। बड़ी विडंबना है कि गिरी हीरा नल जल योजना में ग्राम के निर्दोश लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

करोड़ों की मजदूरी भुगतान लंबित, मनरेगा के कार्यों से मजदूरों का मोह हो रहा भंग

देवभोग/नवप्रदेश। महात्मा गाधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) से मजदूरों का मोहभंग हो रहा है। जिले के हजारों मजदूरों की मजदूरी मद का करीब 4 करोड़ रुपए सरकार के यहा बकाया है। काम के वक्त में समय पर मस्टर रोल भर दिया जाता है। एमआईएस भी कर दिया जाता है लेकिन मजदूरों के खाते में राशि नहीं जाती है। मजदूर जनपद कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। गरियाबंद जिले के पांच ब्लॉकों मे 3 करोड़ 75 लाख से अधिक मजदूरी राशि पेंडिंग है। इसके अलावा मैटेरियल कार्य का भी 5 करोड़ 74 लाख रुपए जारी नहीं हुआ है। ऐसे में ना सरपंच मनरेगा कार्य को लेकर गंभीर है और ना मजदूर मजदूरी के लिए रुचि दिखा रहे। जिले के मनरेगा कार्यो में रोजाना 1 लाख 20 हजार मजदूर काम करते थे। अब बमुश्किल 10 हजार भी नहीं काम पर नहीं निकल रहे। पंचायत के मेट मजदूर संबंधित हड़ताल में बैठे कर्मचारियों से संपर्क कर मनरेगा में काम करने या नहीं करने का सवाल करते हैं। जिस पर राशि भुगतान की गारंटी हमारी नहीं होने की बात कहकर हाथ खड़े कर देते हैं। ऐसे में मजदूरों का भरोसे सरकार के सबसे भरोसेमंद योजना मनरेगा से अब आस टूट रही। मेड बंदी तालाब गहरीककरण, कुआं, नाला सफ ाई, भूमि सुधार जैसे अन्य रोजगार मूलक कार्य से जोड़ना जिला प्रशासन के लिए सबसे बड़ा चैलेंज है। खात बात तो यह है कि मांग पत्र को इंट्री कर मस्टरोल निकाला जाता है और उसके बाद सप्ताह भर कर मस्टरोल की राशि ऑनलाइन निकलने के लिए 6 ऑपरेटर रखा है। लेकिन वर्तमान में 4 ऑपरेटर है। ऐसे में समय सीमा के भीतर कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर मजदूरी भुगतान को लेकर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है। पीओ (प्रोग्राम ऑफिसर) व रोजगार एवं तकनीकी सहायक सहित पूरे संविदाकर्मी के हड़ताल से मजदूरों को शत प्रतिशत रोजगार मिलना मुश्किल माना जाता है। हालांकि वैकल्पिक मनरेगा अधिकारी धीरे धीरे ही मनरेगा काम रफ्तार पकड़ने की बात कह रहे हैं।

आंकड़ों पर एक नजर

ब्लॉक का नाम	मजदूरी भुगतान शेष	मटेरियल भुगतान शेष
देवभोग	1 करोड़ 28 लाख	2 करोड़ 82
मैनपुर	1 करोड़ 2 लाख	73 लाख 77
गरियाबंद	44 लाख 41 हजार	80 लाख
छूरा	66 लाख 88 हजार	75 लाख 27 हजार
फिंगेश्वर	35 लाख 64 हजार	64 लाख 22 हजार

20 जिलों में कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रभारियों की नियुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर के द्वारा कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। भविष्य चंद्राकर को बिलासपुर शहर एवं ग्रामीण, कोरबा शहर एवं ग्रामीण, भविष्य चंद्राकर और आशीष जायसवाल को गोरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुरली महंत को जांजगीर-चांपा, अनिल रत्थू राम चंद्रा को रायगढ़, मनीष गुप्ता को बलौदाबाजार, मुकुंद सिंह धाकड़ को सुकमा, जितेन्द्र यादव को कोंडागांव, विनोद कुमार साहू को नारायणपुर, भावेश बघेल को जगदलपुर शहर एवं ग्रामीण, गणेश जायसवाल को बेमेतरा, राजेन्द्र वर्मा को बालोद, सतीश साहू को राजनांदगांव, लक्ष्मी साहू को महासमुंद, चेतन आनंद चौधरी को दुर्ग शहर एवं ग्रामीण, शिवनारायण गुप्ता को सरगुजा एवं बलरामपुर, नचिकेता जायसवाल को सूरजपुर, महेन्द्र कुमार साहू को कोरिया, मेंहदी यादव को जशपुर, रामेश्वर चक्रधारी को गरियाबंद, प्रवेश पटवा को मुंगेली जिला का प्रभारी नियुक्त किया है।

अब टीएस का भी उड़ेगा उड़न खटोला

■ मंत्री सिंहदेव प्रदेश के सभी जिलों का करेंगे दौरा, स्वास्थ्य सुविधाओं का लेंगे जायजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 4 मई से प्रदेश के अलग-अलग जिलों के दौरे पर रहेंगे। हर जिले के 3 गांव में उनका उड़न खटोला उतरेगा, जहां वे ग्रामीणों से चर्चा करेंगे. इसी कड़ी में अब छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव भी प्रदेश के सभी जिलों का दौरा करने की तैयारी में हैं.

टीएस सिंहदेव मई के पहले हफ्ते से पूरे प्रदेश का दौरा हेलीकाप्टर से दौरा करेंगे. मिली जानकारी के मुताबिक अपने विभागों के कामकाज की समीक्षा करेंगे, जिसमें स्वास्थ्य, पंचायत और तस्ज्ञ विभाग की समीक्षा करेंगे. सिंहदेव जिले के अधिकारियों की बैठक लेंगे. साथ ही जिले में लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करेंगे. सिंहदेव के दौरे की रूपरेखा जल्द आ सकती है. अभी स्वास्थ्य मंत्री के दौरे की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

छग में 18 आइपीएस अफसरों के प्रभार में किया गया फेरबदल

रायपुर। छग शासन ने सोमवार को बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। गृह (पुलिस) विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक 18 आइपीएस अफ सरों का तबादला किया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक दो रेंज के आईजी भी बदले गए हैं। ओपी पाल रायपुर रेंज के आईजी बनाए गए हैं। वहीं, दुर्ग एसएसपी की जिम्मेदारी संभाल रहे बद्रीनारायण मीणा को दुर्ग रेंज का ही आईजी बनाया गया है। उनके बैच की नेहा चंपावत, अजय यादव और संजीव शुक्ला प्रमोशन के बाद यथावत रखे गए हैं। डीआईजी प्रमोट होने के बाद सीएएफके कमांडेंट डी. श्रवण और केएल ध्रुव पुलिस मुख्यालय में बुलाए गए हैं। श्रवण मध्य रेंज की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि ध्रुव की पोस्टिंग एंटी नक्सल ऑपरेशन में डीआईजी के रूप में की गई है। वहीं कुछ जिलों के पुलिस अधीक्षक भी बदले गए हैं।

जल्द शुरू होंगे 60 वार्डों में मूलभूत विकास कार्य : वोरा

■ शासन की ओर से नहीं होने दी जाएगी पैसों की कमी, तालाबों का होगा संवर्धन

दुर्ग/नवप्रदेश। स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वार्डो के आंतरिक विकास हेतु बड़ी राशि की स्वीकृति देने हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि शहर में लगातार चौमुखी विकास करवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सीएम के दौरे के दौरान हुई सभा में सडक़, नाली के लिए आवश्यक कार्यों हेतु 10 करोड़ की प्रारंभिक स्वीकृति प्राप्त हुई है जिस पर त्वरित कार्यवाही की आवश्यकता है। उन्होंने निगम अफ्सरों से सभी पूर्व स्वीकृत विकास कार्यों को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिये हैं। साथ ही कहा कि तत्काल प्रस्ताव भेजने की कार्रवाई करें ताकि जल्द से जल्द विकास कार्यो की मंजूरी मिलने के बाद शहर के वार्डो में सडक़-नाली निर्माण के कार्य कराए जा सकें।

वोरा ने कहा कि शहर के जीई रोड, राजेंद्र पार्क से जेवरा चौक, रुआंबांधा से बोरसी सहित अन्य प्रमुख सडक़ों का डामरीकरण, सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। शहर के वार्डों के भीतर सडक़, नाली का निर्माण भी तेजी से कराया जाए। पिछले कुछ महीनों में नगर निगम को विकास कार्यो के लिए करोड़ों रुपए की राशि मिली है। इस राशि से सभी 60 वार्डों में नागरिक सुविधाओं का ध्यान रखते हुए विकास कार्य कराया जाए।

वोरा ने बताया कि पटरीपार के विकास के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की गई है। पटरीपार में विकास कार्यों के अलावा मिनी स्टेडियम, कॉलेज, उद्यान सहित अन्य प्रमुख कार्यो के लिए चर्चा हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यों के प्रस्तावों पर सहमति जताते हुए कहा है कि इन कार्यो के प्रस्ताव भेजने कहा है ताकि इन कार्यों की स्वीकृति दी जा सके।

वोरा ने निगम कमिश्नर एवं महापौर धीरज बाकलीवाल से चर्चा कर कहा कि राशि स्वीकृत होने के बाद प्रस्ताव भेजने एवं निविदा प्रक्रिया जल्द करवाने के साथ ही प्रगतिशील विकास कार्यो की नियमित समीक्षा की जाए जिससे जनता को जल्द लाभान्वित किया जा सके। ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट का निर्माण समय सीमा में पूर्ण कराया जाए नगर निगम से संबंधित बिजली, पानी, सडक़ नाली से संबंधित कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों की विकास निधि के साथ ही अधोसंरचना, संधारण एवं अन्य मदों में भी पर्याप्त राशि लगातार जारी करवाई जा रही है सतत मोनिटरिंग एवं आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देकर पूर्ण करने में कोई भी कोताही ना बरती जाए।

दो शिक्षकों को डीईओ ने किया निलंबित

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर विकासखण्ड के दो शिक्षकों को निलंबित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बीईओ बस्तर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार प्राथमिक शाला चितलवार के सहायक शिक्षक (एलबी) प्रहलाद सिंह सेन और प्राथमिक शाला बनियागांव के सहायक शिक्षक (एलबी) उदय सिंह ठाकुर को निलंबित किया गया है। इसमें उदय सिंह ठाकुर के विरूद्ध शराब सेवन कर संस्था में उपस्थित होने और शालेय छात्रों से अभद्र व्यवहार करने संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, प्रवेश पत्र पर प्रधान पाठक से करवाना होगा हस्ताक्षर

कोरबा/नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक आयोजित की जायेगी। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र प्राप्त करने के पश्चात् उक्त प्रवेश पत्र में हेडमास्टर या प्रधान पाठक के हस्ताक्षर करवाना होगा। प्रधान पाठक के हस्ताक्षर पश्चात् प्रवेश पत्र को परीक्षा के दिन 30 अप्रैल को परीक्षा के पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी अपने-अपने परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे। उन्होने बताया कि चयन परीक्षा के लिए जिले में 44 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर नौ हजार 316 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय ने बताया कि चयन परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट के माध्यम से पंजीकरण नंबर एवं जन्मतिथि का पासवर्ड के रूप में उपयोग कर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र पर सभी परीक्षार्थियों को सुबह 10:30 बजे तक पहुंचना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया हैं। किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में मो.नं. भी जारी किये गये है। हेल्पलाईन नम्बर 8107231886, 9827409245 एवं 9131553205 पर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे के मध्य संपर्क कर सकते हैं।

युकां की एबीसीडी से अनजान आयुश को फिर अध्यक्ष बनाने की तैयारी

आयुश की ठेकेदारी, युवक कांग्रेस पर भारी

दुर्ग/नवप्रदेश। कांग्रेस में लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव कराने की प्रक्रिया चल रही है और इसी के तहत युवक कांग्रेस के चुनाव होने जा रहे हैं। लेकिन पार्टी की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की छलनी में कई छेद है, जिनका फ ायदा उठाकर नाकाबिल लोग भी पदों पर काबिज होने की दौड़ में शामिल हैं। शहर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर पिछली दफा आयुश शर्मा की नियुक्ति की गई थी, जो युकां कार्यकारिणी गठित करने की बजाए ठेकेदारी में व्यस्त रहे। नतीजा यह हुआ कि शहर कार्यकारिणी की घोषणा सालभर बाद ही हो पाई। इन्हीं आयुश शर्मा के कार्यकाल में पार्टी का एक भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ। बावजूद इसके एक बार फि र उन्हें अध्यक्ष बनवाने के लिए लामबंदी तेज कर दी गई है। प्रदेश युवक कांग्रेस की ओर से हाल ही में 178 युवाओं की सूची जारी की गई है। इसे हाई परफ ारमेंस सूची बताया जा रहा है। इस सूची में दुर्ग से आकाश मजूमदार, सन्नी साहू, संदीप वोरा, अनूप वर्मा व श्रद्धा सोनी के नाम हैं। इनमें संदीप वोरा को छोड़कर बाकी सभी जिला युकांध्यक्ष बनने की दौड़ में थे, लेकिन अब इनका नाम हाई परफ ारमेंस सूची में आने से ये सिर्फ प्रदेश स्तर का चुनाव ही लड़ पाएंगे। बताते हैं कि दुर्ग में आयुश शर्मा की लाइन क्लियर करने के लिए ही तमाम दावेदारों को किनारे किया गया है। जबकि राजनीतिक काबिलियत के पैमाने पर आयुश शर्मा इन दावेदारों के सामने कहीं नहीं टिकते। युवक कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से आयुश शर्मा लगातार ठेकेदारी करते रहे हैं। वे ठेके लेने के साथ ही ठेके दिलवाने के भी ठेकेदार हैं। शौचालय से लेकर राशन दुकान दिलवाने तक के काम भी वे करते हैं। एक ऐसा व्यक्ति, जिसका पूरा ध्यान सिर्फ रूपए कमाने में लगा हुआ है, उस व्यक्ति को एक बार फि र युकांध्यक्ष बनाने की जुगत लगाई जा रही है। जबकि आयुश शर्मा अपने पहले कार्यकाल में बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं। इधर, यह भी पता चला है कि आयुष शर्मा ने फि लहाल तक अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है।

संदीप को महासचिव बने रहने की नसीहत

जानकारों के मुताबिक, युकां चुनाव प्रारम्भ होते ही दुर्ग विधायक अरूण वोरा के पुत्र संदीप वोरा पिछले दिनों मुख्यमंत्री से मिलने गए थे। संदीप ने सीएम से प्रदेश युकांध्यक्ष बनने की इच्छा जाहिर की थी, किन्तु सीएम श्री बघेल ने संदीप वोरा को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया। बताते हैं कि सीएम ने संदीप वोरा से कहा कि वे वर्तमान में जिस पद (महासचिव) पर हैं, उसी में ही रहें। मुख्यमंत्री से दो टूक सुनने के बाद संदीप वोरा भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव से मिले। सूत्रों के मुताबिक, वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष पूर्णचंद कोको पाढ़ी के खेमे में रहकर राजनीति करने वाले संदीप ने विधायक देवेन्द्र यादव के समक्ष समर्पण कर दिया। यहां तक बताया जा रहा है कि दुर्ग शहर में अपना अध्यक्ष बनवाने के लिए संदीप वोरा ने युकां जिलाध्यक्ष पद देवेन्द्र यादव को ऑफ र किया है, ताकि वे अपने किसी भी समर्थक को जिलाध्यक्ष बनवा पाएं। युकां सूत्रों के मुताबिक, जिले में विधायक देवेन्द्र यादव की जिस तरह की पकड़ है, उसके बाद यह स्पष्ट है कि बिना उनकी मर्जी के कोई भी अध्यक्ष नहीं बन पाएगा। शायद यही वजह है कि संदीप वोरा व उनकी पूरी लॉबी इस कोशिश में है कि किसी तरह दुर्ग शहर में आयुश शर्मा को अध्यक्ष बनवा ले। इसके लिए शहर अध्यक्ष पद के अन्य दावेदारों को प्रदेश संगठन में नियुक्तियों का प्रलोभन भी दिया जा रहा है।

आयुश का नाम सबसे आगे

हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि शहर युकांध्यक्ष कौन बनेगा, किन्तु जितने भी नाम अब तक इस पद के लिए सामने आए हैं, उनमें आयुश शर्मा ही सबसे आगे हैं। आयुश के अलावा एजाज खान (गोल्डी) व सौरभ ताम्रकार भी शहर अध्यक्ष के लिए दावेदारी कर रहे हैं, लेकिन बताते हैं कि विधायक अरूण वोरा व उनके पुत्र संदीप वोरा उसी आयुश शर्मा को फि र से अध्यक्ष बनाने में रूचि ले रहे हैं, जिनका संगठन के प्रति योगदान नगण्य रहा है। सूत्रों के मुताबिक, विधायक वोरा को आने वाले दिनों में चुनाव लडऩा है, ऐसे में संगठन में मनमाफिक नियुक्तियां करवाने में वे कामयाब रहेंगे। लेकिन श्री वोरा के चुनाव अभियान में आयुश शर्मा अपना कोई योगदान दे पाएंगे, इस पर सवाल है।

देवेन्द्र बन सकते हैं प्रदेश अध्यक्ष

इधर, खबर आ रही है कि एनएसयूआई में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कई अहम पदों पर रहे भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव को प्रदेश युकांध्यक्ष बनाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ से प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में शामिल कुल 22 युवाओं का दिल्ली में इंटरव्यू हुआ है। इनमें देवेन्द्र यादव के अलावा वर्तमान अध्यक्ष पूर्णचंद कोको पाढ़ी, अनूप वर्मा, आकाश शर्मा समेत अन्य लोग शामिल हैं। बताते हैं कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी मंशा है कि देवेन्द्र को युवाओं की कमान सौंपी जाए। एनएसयूआई में रहते हुए देवेन्द्र यादव ने युवाओं की खासी फौज तैयार की थी। युवाओं के बल पर वे भिलाई में पहले महापौर और उसके बाद कद्दावर भाजपा नेता को हराकर विधायक बने।